दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak |
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 230 जयपुर, रविवार, 30 जुलाई , 2023 | श्रावण, शुक्ल पक्ष- द्वादशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00




जल महल की पाल टूटी, सड़कों से चली पानी की चादर

तड़के 3 बजे शुरू हुआ तेज बारिश का दौर चला दोपहर बाद तक

# जयपुर में जल कर्फ्यू

## 42 साल बाद बना रिकॉर्ड... 16 घंटे में 8 इंच बारिश



- थमी शहर की रफ्तार, लोग नहीं निकल पाए घरों से
- निचली बस्तियों में मकान गिरे, मंत्री और महापौर पहुंचे
- नाहरगढ़ की पहाड़ी से पत्थर लुढ़के, लोगों में फैला डर
- रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर यात्री हुए परेशान

बेधड़क | जयपुर

राजधानी में शनिवार रात 3 बजे से ही शुरू हुई मूसलाधार बारिश दिनभर चली। यहां लोगों को सुबह उठते ही चारों तरफ बाढ़ जैसा नजारा नजर आया। ऐसा लग रहा था कि बारिश ने कर्फ्यू लगा दिया हो, जो जहां था, वहीं ठहर गया।

भारी बारिश के कारण जल महल की पाल टूट गई तो जौहरी बजारा समेत परकोटे की कई दुकानों में पानी भर गया। दिनभर मुख्य बाजारों और मार्गों पर पानी तेज प्रवाह से बहने के कारण यातायात प्रभावित रहा। सीकर और अजमेर रोड के लबालब होने से बसों का आवागमन ठप-सा रहा। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन के बाहर तो सैलाब था ही, अंदर पटरियों के भी पानी में डूबने से कई ट्रेनों को रद्द करना पड़ा।

जल संसाधन विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार रात 1 बजे से शनिवार शाम 5:30 बजे तक 203 एमएम (8 इंच से अधिक) बारिश दर्ज की गई। साल 1981 के बाद पहली बार हुई है।

गौरतलब है कि 42 वर्ष पूर्व 19 जुलाई को 1981 में जयपुर में 326 मिलीमीटर (13 इंच) वर्षा हुई थी। इधर, दिन भर सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीम जगह-जगह से मिल रही सूचना के आधार पर लोगों का बचाव करती रही। इसके अलावा प्रदेश के आधा दर्जन स्थानों पर 90 एमएम से ज्यादा बरसात हुई।

राजधानी स्थित भट्टा बस्ती और अंबाबाड़ी क्षेत्र में मकान गिरने की सूचना पर मंत्री प्रताप सिंह के साथ हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर मौके पर पहुंचीं और राहत कार्यों का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित विभागों और रेस्क्यू दलों को प्रभावित लोगों को शीघ्रतिशीघ्र राहत मुहैया कराने के निर्देश दिए। उधर, चारदीवारी में नाहरगढ़ की पहाड़ी से कुछ पत्थर लुढ़क कर आने से लोगों में भूस्खलन का भय फैल गया, लेकिन कुछ देर बाद स्थिति सामान्य हो गई। इस दौरान शहर के प्रभावित क्षेत्रों में अन्य इलाकों के बारे में अफवाहें भी खूब चलीं।

इस बीच, मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार रविवार से राज्य की सभी जगहों पर मौसम सामान्य रहने की संभावना जताई है।

### एक दिन में... कब-कितनी बारिश

| | |
|---|---|
| 19 जुलाई,1981 - 326 एमएम | 14 अगस्त,2020 - 175 एमएम |
| 22 अगस्त,2012 - 183 एमएम | 29 जुलाई,2023 - 203 एमएम |

### बीसलपुर बांध में 8 सेमी. आवक

टोंक के बीसलपुर बांध में शनिवार को 8 सेंटीमीटर पानी आया जिसके बाद 315.50 आरएल मीटर क्षमता वाले बांध में शनिवार तक 313.81 आरएल मीटर पहुंच गया। शुक्रवार को इस बांध का गेज 313.73 आरएल मीटर था।

### जयपुर और ढेहर के बालाजी स्टेशन... पटरियों पर पानी भरा, 6 ट्रेनें की गईं रद्द

जयपुर रेलवे स्टेशन और आगे ढेहर के बालाजी स्टेशन पर ट्रैक पर पानी भरने के कारण रेलवे प्रशासन ने जयपुर से चूरू, फुलेरा, रेवाड़ी जाने वाली 6 ट्रेनें रद्द कर दीं। इनमें ये ट्रेनें शामिल हैं-

- गाड़ी संख्या 4861, जयपुर-चूरू पैसेंजर
- गाड़ी संख्या 09730, फुलेरा-जयपुर
- गाड़ी संख्या 09635, जयपुर–रेवाड़ी
- गाड़ी संख्या 09636, रेवाड़ी–जयपुर
- गाड़ी संख्या 19702, दिल्ली-जयपुर को जयपुर स्टेशन पर ही रोका
- गाड़ी संख्या 04801, सीकर-जयपुर ट्रेन को चौमूं-सामोद तक ही चलाया

## जरूरी खबर

### रेरा में रजिस्ट्रेशन महंगा, अब 10 रु. प्रति वर्गमीटर



**जयपुर।** राजस्थान रियल एस्टेट रेग्युलेटरी अथॉरिटी (रेरा) ने आवासन मंडल और व्यावसायिक स्कीम में बनने वाले मकानों की रजिस्ट्रेशन फीस में बढ़ोतरी की है। हालांकि, आवासन मंडल के मल्टीस्टोरी प्रोजेक्ट पर यह निर्देश लागू नहीं होगा। रेरा रजिस्ट्रार ने बताया कि मकानों की निर्माण योजना के रजिस्ट्रेशन पर आवासीय, कॉमर्शियल, इंडस्ट्रीयल भूखंडों पर 5 रुपए प्रति वर्गमीटर चार्ज लगता था। अब इसे 10 रुपए प्रति वर्गमीटर कर दिया गया है। ये नियम एक अगस्त से आवेदन करने वाली स्कीमों पर लागू होंगे। स्टेंडर्ड फीस निजी खातेदारी, निजी डवलपर्स की स्कीम के साथ-साथ सरकारी एजेंसी की स्कीमों पर भी लागू होगा। राज्य में कोई नगर पालिका, यूआईटी, विकास प्राधिकरण, रीको और हाउसिंग बोर्ड अपनी योजना लाता है तो ये शुल्क वसूला जाएगा।

### थाईलैंड: भीषण विस्फोट से नौ लोगों की मौत

**बैंकॉक।** थाईलैंड के दक्षिणी हिस्से में स्थित एक पटाखा गोदाम में शनिवार को हुए भीषण विस्फोट में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। नाराथिवास प्रांत के गवर्नर सनान पोंगाक्सोर्न ने सरकारी प्रसारक थाई पीबीएस को बताया कि कम से कम 115 लोग घायल हुए हैं और कई की हालत गंभीर है।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने साधा सरकार पर निशाना

# यह गहलोत नहीं... बल्कि गृह लूट सरकार है: नड्डा

- भाजपा अध्यक्ष ने कोर कमेटी में नेताओं से की वन-टू-वन चर्चा
- केंद्रीय टीम में मिली पूर्व सीएम राजे, बंसल और गुर्जर को जगह
- आगामी 4-5 दिनों में होगी प्रदेश में चुनावी जिम्मेदारी तय

बेधड़क | जयपुर

भाजपा प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रदेश की राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जहां तक गहलोत सरकार का सवाल है, मैंने पहले ही कहा था यह गहलोत नहीं, गृह लूट सरकार है। घर को लूटो और दिल्ली में अपने आकाओं को भेजो। हर स्तर पर यहां भ्रष्टाचार और अराजकता है। लाल डायरी की खूब चर्चा है। आप सबके ध्यान में आया होगा। जब पाप का घड़ा भरता है तो किस तरीके से उजागर होता है। भ्रष्टाचार हमें स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है।



वसुंधरा राजे



अलका गुर्जर



सुनील बंसल

### नड्डा की टीम घोषित

जयपुर पहुंचने से पहले पार्टी अध्यक्ष नड्डा ने अपनी 38 सदस्यीय नई टीम का ऐलान किया। इसमें राजस्थान के तीन नेताओं पूर्व सीएम वसुंधरा राजे को उपाध्यक्ष, सुनील बंसल को महासचिव और डॉ. अलका गुर्जर को सचिव बनाया है।

### लिया फीडबैक

नड्डा ने कोर कमेटी की बैठक में और पदाधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा की। साथ ही, एक अगस्त को किए जा रहे सचिवालय घेराव को लेकर हुई तैयारी को अंतिम रूप दिया। उन्होंने कोर कमेटी और पदाधिकारियों की नब्ज टटोली। उन्होंने कहा कि चार पांच दिन में प्लान की जानकारी सभी को मिल जाएगी। माना जा रहा है कि जल्द ही भाजपा चुनाव प्रचार समिति और चुनाव प्रबंधन समिति के नामों का ऐलान हो सकता है।

### ‘चेहरे’ पर चुप्पी

नड्डा ने प्रदेश में सीएम को चेहरे को लेकर चुप्पी साधे रखी। वहीं, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने बैठक के बाद कहा कि भाजपा का मुख्यमंत्री चेहरा पार्टी का शीर्ष नेतृत्व और पार्लियामेंट्री बोर्ड तय करेगा।

## अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस: शावकों को मिला नाम

# मुख्यमंत्री ने किया नामकरण चिरंजीवी, चिरायु और अवनी

बेधड़क | जयपुर



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर शनिवार को रणथंभौर नेशनल पार्क की बाघिन टी-111 के 2 साल के तीन शावकों (2 बाघ एवं 1 बाघिन) का नामकरण चिरंजीवी, चिरायु और अवनी किया।

इस अवसर पर सीएम गहलोत ने कहा कि कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता कृष्णा पूनिया के नाम पर बाघिन टी-19 का नामकरण कृष्णा किया गया था। अब पैरा ओलंपिक पदक विजेता अवनी लेखरा के नाम पर एक मादा शावक का नाम रखा है। उन्होंने कहा कि देश में जब बाघ विलुप्त होने की कगार पर थे, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अप्रेल 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत की। इससे देश में बाघों की संख्या में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई है। पिछले एक माह में रणथंभौर में 6 शावकों ने जन्म लिया है।

## तीज पर जयपुर में आधे दिन छुट्टी



**जयपुर।** तीज मेले के प्रथम दिन (19 अगस्त) को जयपुर स्थित राज्य सरकार के समस्त कार्यालयों, उपक्रमों एवं शिक्षण संस्थानों में आधे दिवस का अपराह्न पश्चात् अवकाश रहेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस बार 19 अगस्त को तीज मेले और 20 अगस्त को बूढ़ी तीज मेले का आयोजन होगा। शहर में कार्यरत सरकारी अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी भी इस मेले में शामिल हो सकेंगे।

## जयपुर में सी-20 शिखर सम्मेलन

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिया ‘वसुधैव कुटुंबकम’ का संदेश

- राजनाथ बोले, बेहतर दुनिया बनाने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता
- अम्मा बोलीं, कुछ लोग प्रगति में बाधा बनेंगे, इससे न डिगें
- हेल्थ, शिक्षा, जेंडर इक्वलिटी आदि विषयों पर हुई चर्चा

बेधड़क | जयपुर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि बेहतर दुनिया बनाने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने ‘वसुधैव कुटुंबकम’ का संदेश देते हुए कहा कि इसके लिए सरकारों और सिविल सोसाइटी ऑर्गेनाइजेशन को साथ मिलकर काम करना होगा।



सिंह ने सी-20 की अध्यक्ष अम्मा की तारीफ करते हुए कहा कि वे गरीब और पिछड़ों के लिए काम कर रही हैं और एक बड़ी प्रेरणा का स्रोत हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि सिविल सोसाइटी ऑर्गेनाइजेशन को सी-20 के जरिए एक प्लेटफार्म मिला है, जो हेल्थ, एजुकेशन, जेंडर इक्वलिटी और एनवायरमेंट के क्षेत्र में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों के जरिए देश में बदलाव देखने को मिले हैं। इसके साथ ही अब सिविल सोसाइटी भी सोशल, कल्चरल और पॉलिटिकल क्षेत्र में महत्वपूर्ण रोल निभा रही है। सिंह ने समान समस्याओं का साथ मिलकर समाधान का आह्वान किया।

### बाधक लोगों के कारण अपने पथ से न हटें

इस अवसर पर अपने संबोधन में सिविल सोसाइटी अध्यक्ष अमृतानंदमयी देवी अम्मा ने कहा कि कुछ ऐसे लोग सदा रहेंगे जो प्रगति में बाधा बनेंगे, उनके कारण सर्व धर्म के पथ से ना हटें। जो कोई भी विश्व कल्याण के कार्य की ओर अग्रसर है, वो कभी अकेला नहीं रहता। जगत की विभिन्न शक्तियां हमेशा उनके साथ रहती हैं। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने जगत में अन्याय देखा तो पहले इसे किसी ने पूर्व कर्मों का फल बताया, लेकिन वे पीड़ितों की पीड़ा और दुख को समझते हुए इसे दूर करने के कार्य में जुट गई।

उन्होंने सरकार से आर्थिक रूप से कमजोर और पिछड़े क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं का सारा खर्च वहन करने और दो बच्चों तक यह व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की।

### सोसाइटी ने दिया कार्यों का ब्योरा

सम्मेलन में सिविल सोसाइटी ऑर्गेनाइजेशन की ओर से हेल्थ, एजुकेशन, जेंडर इक्वलिटी और एनवायरमेंट के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों पर अपने विचार साझा किए। पहले दिन जी-20 के सहभागी समूह सी-20 के फोरम पर 16 कार्य समूहों की ओर से तय पॉलिसी पैक का विमोचन हुआ।

## जरूरी खबर

### शुभम दाधीच ने जीता एक लाख रुपए का ईनाम



**जयपुर।** जनसम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट के माध्यम से आमजन सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के वीडियो बनाकर लाखों रुपए की पुरस्कार राशि जीत रहे हैं। शनिवार को जारी हुए 26 जुलाई के परिणाम में रेलमगरा, राजसमंद के शुभम दाधीच ने प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपए जीते। दूसरे स्थान पर सिकंदरा के लोकेश कुमार सैनी ने 50 हजार रुपए जीते। वहीं आदेल, बाड़मेर के फिरोज खान ने 25 हजार का तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। साथ ही 100 प्रदेश वासियों को 1000 रुपए का प्रेरणा पुरस्कार भी मिला।

### अभ्यर्थियों को दस्तावेज प्रस्तुत करने का अवसर

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने प्राध्यापक (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के राजनीति विज्ञान और रसायन विज्ञान विषय की काउंसलिंग में अनुपस्थित और प्रोविजनल रहे अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान किया है। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि उक्त विषयों की पात्रता जांच उपरांत प्रदान किए गए दो अवसरों में भी अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को पात्रता जांच के लिए 2 अगस्त को उपस्थित होने का अंतिम अवसर दिया गया है। इन दोनों विषयों के प्रोविजनल रहे अभ्यर्थियों को वांछित दस्तावेज 5 दिवस में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करने होंगे।

### अंगदान पखवाड़ा तीन अगस्त से होगा शुरू



**जयपुर।** प्रदेश में अंगदान जीवनदान महाभियान के तहत 3 से 17 अगस्त तक अंगदान पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस संबंध में अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह ने शनिवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि इस दौरान 18 वर्ष से ज्यादा के लोगों को प्रदेश स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर तक अंगदान की शपथ दिलाई जाएगी। इसके साथ वर्कशाप, रैली, साईकिल रैली, पोस्टर प्रतियोगिता आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। सभी स्कूलों, कॉलेजों, ट्रोमा सेन्टर, पुलिस विभाग सहित विभिन्न विभागों को इससे जोड़ा जाएगा।

**विधानसभा चुनाव से पहले सक्रिय हुआ तीसरा मोर्चा, सदस्यता अभियान चलाएगी आरएलपी**

# पार्टी को मजबूत करेंगे बेनीवाल, 25 लाख नए सदस्य जोड़ेंगे

■ आप, बसपा और एआईएमआईएम भी जुटी तैयारी में

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही तमाम राजनीतिक दल सक्रिय हो गए हैं। प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा के बाद अब तीसरे मोर्चे ने चुनाव के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं।

आम आदमी पार्टी, बसपा और एआईएमआईएम राजस्थान में अपनी राजनीतिक तलाशने में जुटी हैं। वहीं राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी भी चुनावी मोड में नजर आ रही है। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) सुप्रीमो और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा है कि चुनाव से पूर्व पार्टी को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम उठाए जाएंगे। इसके तहत पार्टी की ओर से पूरे प्रदेश में सदस्यता अभियान चलाकर आगामी एक माह में 20 से 25 लाख नए सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

हनुमान बेनीवाल ने शनिवार को जालूपुरा स्थित अपने आवास पर पार्टी सदस्यता अभियान की घोषणा की। हनुमान बेनीवाल बोले कि मिशन मोड पर 31 से अगले एक महीने तक हम सदस्यता अभियान चलाएंगे। हम 31 तारीख को जयपुर में एक कार्यक्रम करेंगे। जिससे राजस्थान के हर क्षेत्र से नौजवानों को पार्टी के साथ जोड़ा जाएगा। एक महीने में 20 से 25 लाख यूथ को गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में जाकर जोड़ना हमारा लक्ष्य है।



### आरएलपी की ताकत से घबराए प्रधानमंत्री मोदी

सांसद बेनीवाल ने कहा कि तीसरे मोर्चे की बात राजस्थान में चलती है, तो राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का नाम सबसे पहले लिया जाता है। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी से जुड़े नौजवानों को धन्यवाद दूंगा क्योंकि 29 अक्टूबर को हमारी पार्टी को पूरे पांच साल हो जाएंगे। बेनीवाल ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि धौलपुर से बाड़मेर और डूंगरपुर से गंगानगर तक पूछोगे तो एक ही बात सामने आएगी कि भाजपा सत्ता में आने का प्रयास कर रही है, लेकिन आरएलपी के कारण पीएम को बार-बार यहां आना पड़ रहा है। आरएलपी की बढ़ती ताकत से उन्हें घबराहट है।

### भाजपा नेताओं के दौरे जता रहे हताशा

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के जयपुर दौरे पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि चुनावी बयार में पीएम मोदी समेत तमाम केंद्रीय मंत्रियों के लगातार राजस्थान दौरे ये बता रहे हैं कि भाजपा को राजस्थान में अपनी हार साफ नजर आ रही है, इसलिए इनके नेता लगातार दौरे करके अपने हाथ- पैर मार रहे हैं।

### औवेसी का भी फोकस

विधानसभा चुनावों को देखते हुए ओवैसी की पार्टी AIMIM का भी राजस्थान पर फोकस है। ओवैसी जयपुर के रामलीला मैदान में ऐलान कर चुके हैं कि वह सभी विधानसभा चुनावों में अपने प्रत्याशी उतारेंगे। ओवैसी चुनाव से पहले कई बार राजस्थान का दौरा कर चुके हैं।

### बसपा ने प्रत्याशी घोषित किए

तीसरे मोर्चे के रूप में बसपा भी चुनावी मैदान में हैं। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर बसपा ने सबसे पहले तीन विधान सभा में प्रत्याशियों की घोषणा की है।

**नड्डा ने एकजुट होकर चुनाव लड़ने का किया आह्वान**

# प्रथम पूज्य का आशीर्वाद ले बनाई जीत की रणनीति

■ कांग्रेस सरकार के खिलाफ यात्रा निकालेगी भाजपा

■ भाजपा कोर कमेटी की बैठक में दिया जीत का मंत्र

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विधानसभा व लोकसभा चुनाव में मिशन फतेह की रणनीति तय करने के लिए शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जयपुर पहुंचे।

यहां पहुंचते ही सबसे पहले वह मोती डूंगरी गणेश मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और चुनावों को लेकर सियासी रणनीति बनाने का श्रीगणेश किया। इसके बाद वह मंदिर से भाजपा मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने कोर कमेटी की बैठक ली।

इस बैठक में अगस्त-सितम्बर के कार्यक्रमों के रोड मैप पर चर्चा की गई। इस बैठक में नड्डा के साथ प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रह्लाद जोशी के अलावा कोर कमेटी के सदस्य राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी नितिन पटेल, प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी, राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, सांसद कनकमल कटारा, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ और उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां मौजूद रहे। इस दौरान आगामी योजनाओं और चुनावी रणनीति को लेकर मंथन किया गया। सभी ने नड्डा से वन टू वन बात भी की।

इस दौरान नड्डा ने सभी को एकजुट होकर चुनाव लड़ने और आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनावों में हर हाल में पार्टी को जीत दिलाने के लिए मेहनत करने का मंत्र दिया।



### अब बहन बेटियों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं

नड्डा ने भाजपा मुख्यालय में कहा कि प्रदेश में जंगलराज से जनता बेहद आहत है। राजस्थान का गौरवमयी इतिहास रहा है। यहां की जनता अब बहन बेटियों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेगी। किसानों की बदहाली इस कदर है कि 19500 से ज्यादा किसानों की जमीनें नीलाम हो गईं। किसान आत्महत्या करने का मजबूर हैं। बिगड़ती कानून व्यवस्था, जंगलराज, दलित और महिला उत्पीड़न से प्रदेश शर्मिंदा हुआ है। युवाओं के साथ रीट पेपर लीक मामले और अन्य पेपर लीक के मामलों में अत्याचार किया जा रहा है। इसी को लेकर एक अगस्त को जयपुर में महाआंदोलन किया जाएगा। जिसमें सचिवालय घेराव करने के लिए प्रदेश की जनता लाखों की संख्या में जयपुर पहुंच रही है।



*एयरपोर्ट पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करतीं वसुंधरा राजे।*

### भाजपा सरकार के खिलाफ बनाएगी माहौल

बैठक में कांग्रेस सरकार के खिलाफ यात्रा निकालने के फैसले पर मुहर लगी। इन यात्राओं से भाजपा पूरे प्रदेश में गहलोत सरकार के खिलाफ आमजन में महौल पैदा करेगी। इन यात्राओं में लाल डायरी, पेपर लीक, महिला अत्याचार, आपराधिक घटनाओं आदि को मुद्दा बनाकर कांग्रेस को घेरा जाएगा।

### एजेंडों में युवा, महिलाएं व अपराध

बैठक में शामिल प्रमुख एजेंडों में नहीं सहेगा राजस्थान, जनाक्रोश अभियान, 1 अगस्त को पार्टी के महाघेराव कार्यक्रम को लेकर गंभीरता से चर्चा हुई। इसके अलावा आगामी कार्ययोजना, कांग्रेस सरकार को घेरने के लिए चलाए जाने वाले कैंपेन और आंदोलनों पर भी चर्चा की गई। सूत्रों ने बताया कि ग्रुप की बैठक कई मायनों में अहम थी। इस बैठक में नड्डा की मौजूदगी में कार्ययोजना का एक ड्राफ्ट तैयार कर रणनीति को अंतिम रूप दिया गया। जिसे पार्टी औपचारिक रूप से अगले सप्ताह में घोषित कर देगी। इसके अलावा संभाग, विधानसभा, जिला, शक्ति केंद्र और मंडल स्तर पर अनेक कार्यक्रम और यात्राओं की योजना तैयार की। नड्डा ने प्रबुद्धजनों की बैठक में जयपुर से जुड़े कई वरिष्ठ पदाधिकारी, व्यापारियों से संवाद किया। साथ ही भाजपा मीडिया, आईटी, सोशल मीडिया विभाग के पदाधिकारियों के साथ संवाद कर चुनाव में प्रभावी रूप से कार्य करने के निर्देश दिए।

**वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा आज**

# आठ लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स देंगे सामान्य ज्ञान का एग्जाम

■ राजस्थान के 28 जिलों में दो पारियों में होगा आयोजन

बेधड़क | जयपुर

वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद राजस्थान लोक सेवा आयोग फिर से परीक्षा आयोजित करवा रहा है। वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के ग्रुप-ए एवं ग्रुप-बी की सामान्य ज्ञान का पेपर रविवार को होगा। परीक्षा प्रदेश के 28 जिलों में दो परियों में आयोजित होगी।

परीक्षा में आठ लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स के शामिल होने की संभावना है। बार-बार पेपर लीक होने के बाद आयोग सामने परीक्षा के आयोजन को सफल बनाने की चुनौती होगी। सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा जांच के लिए एक घंटे पहले पहुंचना होगा। उसके बाद प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्रुप-ए की परीक्षा प्रातः 10 से 12 बजे तक और ग्रुप-बी की परीक्षा दोपहर 2.30 से 4.30 बजे तक आयोजित की जाएगी।



परीक्षा का आयोजन अजमेर, अलवर बांसवाड़ा, बारां, भरतपुर, भीलवाड़ा, बीकानेर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, चुरू, दौसा, धौलपुर, डूंगरपुर, जयपुर, जैसलमेर, झालावाड़, झुंझुनूं, जोधपुर, कोटा, नागौर, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सीकर, सिरोही, श्रीगंगानगर, टोंक एवं उदयपुर जिलों में किया जाएगा। परीक्षा के सुचारू और सफल आयोजन के लिएआयोग ने प्रत्येक जिला मुख्यालय व आयोग कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाए हैं।

### कड़ी सुरक्षा में होगी परीक्षा

प्रदेश की भर्तियों में बार बार हो रहे पेपर लीक के कारण आयोग और सरकार की काफी फजीहत हुई थी। ऐसे में आयोग ने परीक्षा आयोजन के लिए पुलिस, शिक्षा विभाग, खुफिया तंत्र और एसओजी से मदद लेकर पहले ही प्रशासन को अलर्ट मोड में कर दिया था। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की गहन सुरक्षा जांच के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा। वहीं परीक्षा केंद्र के बाहर सादा वर्दी में भी पुलिस के जवान तैनात किए जाएंगे।

**जयपुर के 11 मंडलों में नियुक्ति**

## प्रदेश कांग्रेस के 77 मंडल अध्यक्षों की सूची जारी

■ जयपुर, अजमेर, बाड़मेर, दौसा गंगानगर, झुंझुनूं में की नियुक्तियां

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विधानसभा क्षेत्रों में मंडल और मंडल अध्यक्षों की सूची जारी की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के अनुमोदन पर शनिवार को 77 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की गई।

सूची के अनुसार जयपुर, अजमेर, बाड़मेर, दौसा और श्री गंगानगर में 11-11, झुंझुनूं में 22 अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस प्रदेश में लगातार संगठनात्मक नियुक्तियां कर रही है। इससे पहले पार्टी ने ढाई साल की कवायद के बाद पहली सूची जारी की थी, जिसमें 17 जिलों में 368 मंडल अध्यक्ष नियुक्त किए गए थे।



पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा के अप्रूवल के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव ललित तूनवाल ने नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। डोटासरा ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति पर उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र होगा क्रमोन्नत

**जयपुर।** राज्य सरकार प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं के विस्तार और आमजन को बेहतर उपचार उपलब्ध करवाने के लिए निरन्तर महत्वपूर्ण फैसले ले रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उदयपुर के बड़गांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को सैटेलाइट चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है, साथ ही चिकित्सालय में बेड की संख्या 30 से बढ़ाकर 50 करने की भी स्वीकृति दी है। गहलोत की इस मंजूरी से स्वास्थ्य ढांचा मजबूत होगा तथा आमजन को स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

**विधानसभा चुनाव से पहले तबादलों का दौर**

# कमिश्नरेट में बदले 100 इंस्पेक्टर, अधिकांश थानों में लगाए नए SHO

बेधड़क | जयपुर

विधानसभा चुनाव से पहले जयपुर कमिश्नरेट में तबादलों का दौर शुरू हो गया है। कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव ने शनिवार को एक आदेश जारी कर 100 पुलिस इंस्पेक्टरों के तबादले किए हैं। जारी लिस्ट में कई पुराने चेहरों को बदलकर नए को थानों की कमान सौंपी है, वहीं 65 थानों में से 6 थानों के सीआई नहीं बदले गए हैं तथा 4 सीआई ऐसे हैं जिन्हें फिर से थानों में लगाया गया है।

पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव के जारी आदेश के अनुसार अनिल कुमार यादव सीएसटी आयुक्तालय जयपुर, गुरु भूपेन्द्र सिंह माणक चौक, सुरेश चन्द खटीक सुभाष चौक, राजेश कुमार मीणा गलता गेट, राजेश कुमार सिंह ब्रह्मपुरी , उदयभान यादव जयसिंहपुरा खोर, गजेन्द्र सिंह कोतवाली, देवेन्द्र प्रताप वर्मा नाहरगढ़, सुरेन्द्र सिंह संजय सर्कल, अंतिम शर्मा थानाधिकारी जालूपुरा, किशोर सिंह भदौरिया शास्त्री नगर, राजेन्द्र खण्डेलवाल भट्टा बस्ती, अजयकांत रतूडी विद्याधर नगर, इन्दु शर्मा महिला थाना उत्तर, राजवीर सिंह अशोक नगर, सीताराम खोजा ज्योति नगर, अमर सिंह चारण विधायकपुरी, राजकुमार मीणा सोड़ाला, महेश कुमार महेश नगर, मनीष गुप्ता श्याम नगर, रान सिंह मानसरोवर, गौतम डोटासरा शिप्रापथ, दिलीप कुमार खदाव



मुहाना, कैलाश दान चाकसू, श्रीनिवास जांगिड़ कोटखावदा, अंजू कुमारी महिला थाना दक्षिण, मदनलाल कड़वासरा सांगानेर, सुरेश कुमार मालपुरा गेट, जहीर अब्बास प्रताप नगर, अरुण कुमार रामनगरिया, पूनम कुमारी मालवीय नगर, अरविन्द सिंह चारण जवाहर सर्कल, गोविन्द लाल व्यास एयरपोर्ट, जुल्फीकार बजाज नगर, सुरेश कुमार बस्सी, अजय सिंह मीणा तूंगा, भगवान सहाय कानोता, कैलाश कुमार विश्नोई गांधी नगर, लाल सिंह यादव मोतीडूंगरी, रविन्द्र सिंह नरूका लालकोठी, कमल नयन मोयल आदर्श नगर, राजू राम बामनिया जवाहर नगर, हरीश चन्द सोलंकी एसएमएस अस्पताल जयपुर, धर्म सिंह मीणा ट्रांसपोर्ट नगर, ममता मीणा महिला थाना जयपुर पूर्व, महेश चन्द बनीपार्क, अवतार सिंह सिंधी कैंप, ईश्वर चन्द वैशाली नगर, बलवीर सिंह कस्वा चित्रकूट, भजन लाल बगरू, चैना राम नरादणिया भांकरोटा, अशोक चौधरी सेज, संजय पूनियां बिन्दायका, अमित कुमार शर्मा चौमू, मनीष कुमार शर्मा हरमाड़ा, हिम्मत सिंह विश्वकर्मा, सवाई सिंह झोटवाड़ा, राजीव यदुवंशी मुरलीपुरा, उदय सिंह यादव करधनी, धर्म सिंह कालवाड़, दलबीर सिंह दौलतपुरा, रामेश्वरी महिला थाना जयपुर पश्चिम, मुनींद्र सिंह रामगंज, दौलतराम शिवदासपुराथाने में तैनात किए गए हैं।

### इनको सौंपा यातायात व्यवस्था का जिम्मा

वहीं जयपुर यातायात में अशोक कुमार यादव टीआई उत्तर (प्रथम), सोहनलाल टीआई उत्तर (द्वितीय), आलोक पूनियां टीआई उत्तर (तृतीय), शेषकरण बारहठ टीआई दक्षिण (प्रथम), किशनलाल लाल विश्नोई टीआई दक्षिण (द्वितीय) , भारत रावत टीआई दक्षिण (तृतीय), कैलाश चन्द मीणा टीआई पूर्व (प्रथम), ओमप्रकाश विश्नोई टीआई पूर्व (द्वितीय), रामनिवास यादव टीआई पूर्व (तृतीय), बुधा राम टीआई पश्चिम (प्रथम), राजेश बाफना टीआई पश्चिम (द्वितीय), अमृत लाल सोनी टीआई पश्चिम (तृतीय)में लगाया गया है।

### दुर्घटना व अपराध सहायक लगाए

दुर्घटना अनुसंधान इकाई में नेमीचंद गोयल को जयपुर उत्तर, सुभाष चन्द विश्नोई जयपुर दक्षिण, भंवर लाल मीणा जयपुर पूर्व, सुनील चारण जयपुर पश्चिम में लगाया गया है। वहीं रणजीत सिंह अपराध सहायक जयपुर यातायात, दिलीप कुमार सोनी अपराध सहायक जयपुर उत्तर, विनोद कुमार अपराध सहायक जयपुर दक्षिण, रामकिशन देथा जयपुर पूर्व, राजपाल सिंह यादव को जयपुर पश्चिम व गोरधन राम जिला विशेष शाखा जयपुर दक्षिण, मुक्ता पारीक एसआईयूसीएडब्लू जयपुर उत्तर, मंजूला मीणा एसआईयूसीएडब्लू जयपुर दक्षिण, मंजू चौधरी एसआईयूसीएडब्लू जयपुर पूर्व, सुनीता बायल एसआईयूसीएडब्लू जयपुर पश्चिम की जिम्मेदारी दी गई है।

### कुछ के तबादले निरस्त

रिजर्व पुलिस लाइन में दिगपाल सिंह संचित निरीक्षक (प्रथम), निर्मला कुमारी संचित निरीक्षक (द्वितीय), धनराज मीणा, विनोद कुमार जाखड़, नीतू राठौड़, सीता देवी यादव, हेमराज सिंह, श्याम सिंह चारण, रमेन्द्र सिंह हाडा, विनोद सांखला को लगाया गया है। वहीं पूरणमल यादव को थानाधिकारी सांगानेर सदर जयपुर दक्षिण के पद पर किए गए अटैचमेंट के स्थान पर पदस्थापन किया गया है। इधर देर शाम पुलिस मुख्यालय ने इंस्पेक्टर सुरेश कुमार यादव, धर्म सिंह मीणा, सवाई सिंह, नीतू राठौड़, सीतादेवी यादव और हेमराज सिंह के तबादले निरस्त कर दिए हैं।

### तड़के 3 बजे शुरू हुई झमाझम, शाम तक सरोबार होता रहा शहर, 200 से ज्यादा हादसों के समाचार

# थम गया शहर: सड़कों पर पानी का राज

**बेधड़क.जयपुर।** जयपुर शनिवार को जब सोया हुआ था, सावन झूमकर आया। तड़के करीब चार बजे से झमाझम बरसना शुरू हुआ जो शाम तक रुक-रुक कर बरसता रहा। इससे शहर पानी-पानी हो गया। सड़कें कहीं दरिया बन गईं तो कहीं पर ताल-तलैया। शहर के निचले इलाकों में घरों में पानी घुस गया। सीकर रोड, एम आई रोड, रामगढ़ मोड, ब्रह्मपुरी, आमेर रोड पर सड़क पर पांच फीट से अधिक तक जलभराव हो गया। सीकर रोड पर तो बस-ट्रकों के पहिए रात से ही थम गए। कई जगह मिट्टी धंसने और मकान गिरने की घटनाएं भी हुईं। कलेक्टर नियंत्रण कक्ष से मिली सूचना के अनुसार दोपहर 12 बजे तक में 200 से ज्यादा आपदा सूचनाएं आईं। सुबह के समय नाहरगढ़ पहाड़ी से पत्थर गिरने से हड़कम्प मच गया। जलमहल की पाल और सड़क पर पानी भर जाने से आमेर रोड को रोक दिया। जलमहल के गेट भी खुलवा दिए।


खासाकोठी 'बीच'
फोटो: पंकज शर्मा

### कहां कितना बरसा पानी

**203 mm** बारिश हुई राजधानी जयपुर में

**158 mm** बारिश किशनगढ़-रेनवाल में हुई

**155 mm** बारिश कालवाड़ में

### वैशाली नगर में 1 की मौत, भट्टा बस्ती में 7 लोग दबे

वैशाली नगर में खुदाई के दौरान खड्डा ढ़हने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। भट्टा बस्ती में मकान गिरने पर एक महिला समेत सात लोग दब गए, जिन्हें आपदा राहत टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला। सुभाष चौक क्षेत्र गंगापोल में भी एक मकान गिरने से एक महिला घायल हो गई। शास्त्री नगर में साइंस पार्क के पीछे नाले की दीवार गिर गई। कंवर नगर में स्कूल की दीवार गिर गई। क्षेत्रीय पार्षद रजत विश्नोई ने निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप लगाया। ब्रह्मपुरी में मकानों में पानी घुसने पर पूर्व निगम चेयरमैन कैलाश महावर ने टीम के साथ लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। ढेहर के बालाजी, सीकर रोड पर व्यापारियों ने पानी में बैठकर प्रदर्शन किया। सीकर रोड पर मिनी बस और एम्बुलेंस फंस गईं। यहां बस को जेसीबी से निकालने का वीडियो दिनभर चर्चा का विषय रहा।


द्रव्यवती पर चली 'चादर'
फोटो: राजेश कुमावत


जौहरी बाजार में 'जलधारा'


बुरे फंसे...


जयपुर 'जल जंक्शन'


स्कूल की दीवार ढही


सीकर रोड 'BRTS'

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**परेशानी:** कार्यक्षेत्र हेरिटेज में, काम करना पड़ रहा है ग्रेटर से

## लाइटों ने रोकी अधिकारियों की शिफ्टिंग

बेधड़क | जयपुर

जयपुर की साफ और सुव्यस्थित रखने के लिए शुरू हुए स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट का कार्यालय चार महीने से हेरिटेज निगम में बनकर तैयार है, लेकिन लाइट फिटिंग नहीं हो पाने के कारण शिफ्ट नहीं हो पा रहा है। ऐसे में स्मार्ट सिटी के अधिकारी लालकोठी स्थित ग्रेटर निगम के कार्यालय से ही अपना काम कर रहे हैं। इस संदर्भ में अधिकारियों का तर्क है कि आफिस तो बना दिया, लेकिन नए बन कर तैयार हुए किसी भी कमरे में लाइट की व्यवस्था नहीं है। स्मार्ट सिटी से



जुड़े कर्मचारियों ने बताया कि स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट पहले से ही समय से लेट हो चुके हैं। कई बार उच्च स्तर के अधिकारी भी बचे हुए प्रोजेक्ट को जल्द पूरा करने की कह चुके हैं, लेकिन हेरिटेज कार्यालय में शिफ्टिंग नहीं होने से काम करने में दिक्कतें आ रही है। गौरतलब है कि

> स्मार्ट सिटी का आफिस तो बन चुका है, लेकिन कमरों में लाइट की फीटिंग नहीं हो पाई। जल्द कार्यालय को शिफ्ट किया जाएगा।
>
> **राजेन्द्र सिंह शेखावत,** सीईओ जयपुर स्मार्ट सिटी कॉर्पो. लि.

स्मार्ट सिटी के 90 प्रतिशत के करीब प्रोजेक्ट हेरिटेज निगम की सीमा में ही बने हैं। ऐसे में स्मार्ट सिटी का कार्यालय हेरिटेज में होने से बचे कार्यों का गति भी मिलेगी और कार्यों की मॉनिटिरिंग भी होती रहेगी।

**हजरत इमाम हुसैन की शहादत को किया याद**

## मातमी धुनों के बीच दफनाए ताजिए

बेधड़क | जयपुर

हजरत इमाम हुसैन की शहादत पर इस्लामिक साल के पहले महीने मोहर्रम की दस तारीख को मोहर्रम शनिवार को मनाया गया। शहर में ताजिए मातमी धुनों के बीच निकाले गए। मातमी धुनों के बीच ताजिए का जुलूस बड़ी चौपड़ होते हुए रामगढ़ मोड़ कर्बला मैदान पहुंचा। यहां ताजिए सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। शहर में 400 से ज्यादा ताजिए जुलूस के रूप में निकाले गए।



**स्कूलों में शिक्षा का हाल-बेहाल**

## पदोन्नति के फेर में अटकी पढ़ाई, एक लाख से अधिक पद खाली

बेधड़क | जयपुर

सरकारी स्कूलों के शिक्षण स्तर को निजी स्कूलों के समकक्ष बनाने का शिक्षा विभाग का दावा धरातल पर दम तोड़ता नजर आ रहा है। बेहतर शिक्षण व्यवस्था के लिए सबसे जरूरी पहलू पर ही शिक्षा विभाग फिसड्डी साबित हो रहा है।

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी के चलते शिक्षण व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। आज पुरे राजस्थान में हालत ये है कि प्राथमिक शिक्षा विभाग में करीब 40 हजार और माध्यमिक शिक्षा में एक लाख से ज्यादा पद खाली हैं। अंदाजा लगाया जा सकता है कि इतने शिक्षकों की कमी के साथ चल रहे सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर कैसा होगा। शिक्षकों की कमी का खमियाजा प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत लाखों बच्चों को भुगतना पड़ रहा है।



### इस कारण बिगड़े हालात

शिक्षा विभाग में पिछले तीन शिक्षा सत्रों की पदोन्नति समय पर नहीं होने से भी वरिष्ठ अध्यापक व व्याख्याता के पद रिक्त चल रहे हैं। दरअसल शिक्षा विभाग में नए सेवा नियम लागू होने से पदोन्नति समय पर नहीं हो पा रही है। वहीं, प्रदेश की हजारों उच्च माध्यमिक स्कूलों में प्रधानाचार्य तक नहीं हैं। नए सेवा नियमों में वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता पदोन्नति में बीए, एमए में समान विषय व सीधी भर्ती में कोई भी विषय होने का नियम लागू होने के बाद पदोन्नति का मामला उच्च न्यायालय में चला गया। उच्च न्यायालय ने भी पदोन्नति करने के आदेश जारी कर दिए, लेकिन विभाग ने वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता की राज्य स्तरीय सूची जारी करने के बावजूद आगे की प्रक्रिया रोक दी। इससे पिछले दो सत्रों से पदोन्नति का इन्तजार कर रहे हजारों वरिष्ठ अध्यापक असमंजस में हैं। गौरतलब है कि प्रधानाचार्य के सभी पद केवल पदोन्नति से ही भरे जाते हैं, क्योंकि सीधी भर्ती का कोई प्रावधान नहीं है। वहीं वरिष्ठ अध्यापक व व्याख्याता के 50 प्रतिशत पदों पर सीधी भर्ती व 50 प्रतिशत पदों को पदोन्नति से भरने का नियम हैं।

### cm ने वर्ष में दिए दो पदोन्नति के आदेश

व्याख्याता के पद पर पदोन्नति नहीं होने से तृतीय श्रेणी शिक्षकों की भी पदोन्नति रुकी हुई है। जब तक द्वितीय श्रेणी शिक्षक की व्याख्याता में पदोन्नति नहीं होगी, तब तक वरिष्ठ अध्यापक के पदों पर तृतीय श्रेणी शिक्षक पदोन्नत नहीं हो पाएंगे। वहीं, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा पदोन्नति के पद की योग्यता में शिथिलन कर 5 वर्ष के स्थान पर 3 वर्ष किया गया है और 1 वर्ष में दो पदोन्नति लागू करने के आदेश कर दिए गए हैं, लेकिन फिर भी शिक्षा विभाग में तीन सत्रों से पदोन्नति नहीं हो पाई है।

### प्राथमिक शिक्षा विभाग में रिक्त पद

| पदनाम | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त |
|---|---|---|---|
| प्रधानाध्यापक ।। ग्रेड | 17377 | 9860 | 7517 |
| अध्यापक लेवल 2 | 58969 | 44541 | 14428 |
| अध्यापक लेवल 1 | 117051 | 102499 | 14552 |
| प्रशि. व शारी. शिक्षक | 8883 | 4776 | 4107 |
| कुल | 202280 | 161676 | 40604 |

### माध्यमिक शिक्षा विभाग में रिक्त पद

| पदनाम | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| प्रधानाचार्य | 17162 | 11660 | 5502 |
| उपप्रधानाचार्य | 12421 | 9762 | 2659 |
| व्याख्याता | 54903 | 28791 | 26112 |
| वरिष्ठ अध्यापक | 84929 | 59989 | 24940 |
| अध्यापक लेवल 2 | 48538 | 32273 | 16265 |
| अध्यापक लेवल 1 | 49962 | 35338 | 14624 |
| प्रशिक्षक व शा. शिक्षक | 15190 | 12090 | 3100 |
| लैब अस्सिटेंट | 4938 | 3805 | 1133 |
| कुल | 297043 | 193708 | 103335 |

### पाक युवक ने बना रखी हैं कई इंस्टा आईडी

**जयपुर।** सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती के बाद प्यार के झांसे में फंसी पाकिस्तान जाने के लिए जयपुर एयरपोर्ट पर पकड़ी गई नाबालिग से पूछताछ व पुलिस जांच में कई अहम खुलासे हुए हैं, जिसमें बताया कि श्रीमाधोपुर में रहने वाली किशोरी का ब्रेन वाश कर पाकिस्तान बुलाया जा रहा था।

किशोरी असलम लाहौरी से एक साल से इंस्टाग्राम पर बातचीत कर रही थी। असलम ने ही उसे अपना नाम गजल रखने के लिए कहा था। उसने कहा था कि वह दुकान पर जाकर बुर्का भी खरीदा। साथ ही पुलिस ने जब इंस्टाग्राम को खंगाला तो सामने आया कि असलम ने अलग अलग नाम से कई फेक आईडी बना रखी है। इसमें हिंदू नाम से नाम रखे थे। इंस्टाग्राम पर स्टायलिश फोटो लगा रखी है और कई लड़कियों का फ्रेंड बना हुआ है। वहीं असलम पाक जा रही नाबालिग की सहेली से भी चैटिंग कर रहा था।

## ‖ जरूरी खबर ‖

### विद्यार्थियों ने पौधारोपण का लिया संकल्प



**माउंटआबू।** केंद्रीय विद्यालय में शनिवार को दिल्ली से प्रसारित प्रधानमंत्री के अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2023 राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने उत्साह से भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या श्रीजा नायर ने विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के साथ पौधारोपण किया तथा विद्यार्थियों को एक पौधा अपने घर-आंगन में लगाने का संकल्प दिलवाया।

### नाबालिग की संदिग्ध अवस्था में मौत, मामला दर्ज

**झालावाड़।** जिले के पिड़ावा थाना क्षेत्र के धरोनिया गांव में एक नाबालिग की जहरीला पदार्थ सेवन से तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। पिड़ावा थाने के हेड कांस्टेबल रामकिशन ने बताया शनिवार सुबह अस्पताल चौकी से सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे। प्रभु बागरी निवासी धरोनिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई। इसमें बताया कि उसकी भांजी मनोहर बाई की तबीयत खराब हो गई थी। झालावाड़ अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने संदिग्ध मौत का मामला दर्ज किया है। युवती पहले दो बार अपने ही समाज के एक युवक के साथ घर से जा चुकी थी। परिजनों ने पूर्व में पुलिस को रिपोर्ट दी थी। वह कुछ दिनों से मामा के यहां रह रही थी।

### कोटा रेंज का टॉप मोस्ट वांटेड बदमाश पकड़ा



**कोटा।** कोटा पुलिस ने रेंज के टॉप मोस्ट वांटेड अपराधी को शनिवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मोहम्मद इशरत उर्फ नान्जी उर्फ बच्चा (26) को गिरफ्तार किया है। अमन बच्चा गैंग की अगुवाई कर रहे इस बदमाश पर कोटा रेंज आईजी ने 50 हजार, मध्य प्रदेश के इंदौर डीआईजी ने 20 हजार और झालावाड़ एसपी ने 1 हजार का इनाम घोषित कर रखा है। एसपी शरद चौधरी ने बताया कि आरोपी थाना किशोरपुरा का हिस्ट्रीशीटर और अमन अली उर्फ बच्चा गैंग का सक्रिय सदस्य है। इनकी गैंग धमकियां देकर आमजन से चौथ वसूली करती है, नहीं देने पर जानलेवा हमला या हत्या कर देते हैं।

## मोहर्रम पर ख्वाजा साहब की नगरी में निभाई गई 800 साल पुरानी परम्परा, प्रशासन ने मुहैया कराईं 100 तलवारें

# ‘हाईदौस’ में हजरत इमाम हुसैन की शहादत का मंजर साकार

**बेधड़क** | अजमेर

मोहर्रम के मौके पर ख्वाजा गरीब नवाज की नगरी में शुक्रवार को 800 साल पुरानी परम्परा का निर्वहन करते हुए ‘हाईदौस’ खेला गया। इसमें अकीदतमंदों ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत के मंजर को साकार कर दिया।

हाईदौस के लिए प्रशासन की ओर से समाज को 100 तलवारें मुहैया कराई गईं। अजमेर में हाईदौस खेलने की वर्षों पुरानी परंपरा के तहत द अंदरकोटियान पंचायत से जुड़े लोग तलवारें हाथ में लहराते बड़े घेरे में हाईदौस खेलते हुए कर्बला का मंजर पेश करते हैं। खास बात यह है कि हाईदौस की परंपरा के लिए प्रशासन एक दिन पहले ही अंदरकोटियान पंचायत के लोगों को सौ तलवारें वितरित करता है। वहीं, हाईदौस के बाद तलवारें प्रशासन को वापस कर दी जाती हैं। सबसे खास बात यह है कि हाईदौस देश में केवल अजमेर और पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के हैदराबाद में ही खेला जाता है।

दरअसल, हाईदौस के माध्यम से मोहर्रम पर पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन की कर्बला में हुई शहादत को याद किया जाता है। वहीं, अजमेर दरगाह क्षेत्र स्थित अंदरकोट में बीते 800 सालों से मोहर्रम की 10 तारीख को हाईदौस खेला जाता है। शनिवार को द अंदरकोटियान पंचायत की ओर से दरगाह क्षेत्र के अंदरकोट में हाईदौस का आयोजन किया गया। इसको देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। आजादी से पूर्व अंग्रेज अधिकारी हाईदौस खेलने के लिए अंदरकोटियान पंचायत के पदाधिकारियों को तलवार वितरित किया करते थे, जिससे लोग हाईदौस खेलते थे और कर्बला के मंजर को पेश करते थे। शनिवार को भी वर्षों पुरानी परंपरा के तहत लोग चीखते-चिल्लाते हाथों में तलवार थामे लहराते हुए बड़े से घेरे में हाईदौस खेलते नजर आए। दोपहर में त्रिपोलिया गेट से हाईदौस खेलते हुए सैकड़ों लोग नंगी तलवारें लहराने लगे, जो चीखते-चिल्लाते आगे बढ़े। हाईदौस के जरिए लोग अपनी भावना व्यक्त करते हैं।



### डोले शरीफ की निकाली सवारी, रखा रोजा

द अंदरकोटियान पंचायत के पदाधिकारी एसएम अकबर ने बताया कि हाईदौस के साथ ही डोले शरीफ की सवारी भी निकाली गई। इस गमजदा मौके पर ज्यादात्तर लोगों ने रोजा रखा। वहीं, कई लोगों ने प्याऊ लगाई। इन पर शर्बत और लंगर के रूप में खाना बांटा गया। इस दौरान ढाई दिन के झोपड़े के समीप पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री नसीम अख्तर, प्रशासनिक अधिकारी देविका तोमर, एसपी चुनाराम जाट समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। हाईदौस के बीच कई बार तोप भी दागी गए और बावड़ी पंहुचने के बाद डोले शरीफ को ठंडा किया गया।

### प्रदर्शन में एक दर्जन से ज्यादा हुए घायल

इस बार हाईदौस खेलने के दौरान करीब डेढ़ दर्जन से अधिक लोग जख्मी हो गए। हालांकि मौके पर मौजूद चिकित्सा विभाग की टीमों ने घायलों को तुरंत प्राथमिक उपचार दिया। हाईदौस घेरे में ही खेला जाए। हाईदौस खेलने के दौरान कई लोग नियमों का उल्लंघन करते हुए भी नजर आए। साथ ही मौके पर बच्चे भी हाईदौस खेलते दिखे, जबकि बच्चों को इससे से दूर रखा जाता है। हालांकि कार्यकर्ता बच्चों को बीच-बीच मे घेरे से दूर करते रहे।

## प्रदेश के बीकानेर, कोटा, भीलवाड़ा जिले में बारिश बनी जानलेवा

# नदी-नाले उफान पर, छह लोगों की जान लील गया ‘जलसैलाब’

**बेधड़क** | बीकानेर

प्रदेश में पिछले दो दिनों से हुई तेज बारिश के चलते नदी-नाले उफान मारने लगे हैं। ऐसे में कई जलस्रोत ऐसे हैं, जहां कई वर्षों बाद पानी आया है। इसको देखने को लिए लोगों की भीड़ जुट रही है। ऐसे में हादसे भी हो रहे हैं। शनिवार को प्रदेश के तीन जिलों में जलजनित हादसों में छह लोगों की जान चली गई। इनमें दो भाई बहिन, दो दोस्त और दो नाबालिग शामिल हैं। बीकानेर में शनिवार दोपहर को बज्जू क्षेत्र से संदीप खिलेरी (19) अपने दोस्तों के साथ बरसाती नदी देखने गया था।

दोस्तों ने बताया कि संदीप जहां खड़ा था, वहीं से मिट्टी कटकर आगे बह गई। इसके साथ संदीप भी बह गया। किसी तरह उसे बाहर निकाला गया और बज्जू हॉस्पिटल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर संदीप की मौत की खबर सुनने के बाद घर में कोहराम मच गया। शाम करीब 4 बजे संदीप की बहिन रेखा (22) इस सदमे को सहन नहीं कर सकी। भाई की मौत की सूचना मिलते ही वह घर के पास ही सिंचाई की डिग्गी में कूद गई, जिससे उसकी भी मौत हो गई। दोनों भाई-बहन एक साथ बज्जू के कॉलेज में पढ़ रहे थे। दोनों की सगाई भी हो चुकी थी। इनके पिता किसान हैं और घर में उनके छोटे भाई-बहिन भी हैं। बज्जू निवासी राधेश्याम पूनियां ने बताया कि सुबह करीब साढ़े चार बजे पानी बज्जू तेजपुरा तक पहुंच गया था। ये पानी गड़ियाला की तरफ से इधर आ रहा है। इसका बहाव इतना तेज है कि इसकी चपेट में आने के बाद अनहोनी तय है।

इसी पानी को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। शनिवार को पुलिस वाले यहां लोगों को हटाने पहुंचे तो उनकी जीप भी पानी के बीच फंस गई। ग्रामीणों की मदद से उसे बामुश्किल बाहर निकाला गया।



### झरने में नहाते दो इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स डूबे

**चित्तौड़गढ़।** जिले में पाड़ाझर झरने में नहाने गए दो इंजीनियरिंग स्टूडेंट की शनिवार सुबह 11 बजे डूबने से मौत हो गई। वे अपने 18 अन्य साथियों के साथ कोटा से घूमने आए थे। साथियों ने पुलिस और सिविल डिफेंस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर दोनों की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार कोटा स्थित राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी के 20 इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स पाड़ाझर झरने के इलाके में घूमने आए थे। इनमें से दो स्टूडेंट्स रस्सी के सहारे झरने में नहाने उतरे थे। इस दौरान बीटेक सेकेंड ईयर के स्टूडेंट झुंझुनूं निवासी सौरभ सियाग के हाथ से रस्सी छूट गई। उसका साथी सीकर निवासी लक्ष्य छापरवाल उसे बचाने गया तो वह भी फिसल गया और दोनों बहकर गहरे पानी में पहुंच गए। इसके बाद उनका कोई पता नहीं चला। सूचना मिलने पर रावतभाटा पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम पहुंची थी और दोनों की तलाश शुरू की।

### मवेशी चराने गए दो किशोर एनिकट व नाड़ी में डूबे

**भीलवाड़ा।** करेड़ा थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में शनिवार को डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों बच्चे अपने घर से मवेशी चराने के लिए निकले थे। एक की कोठारी नदी के एनिकट में डूबने से और दूसरे की नाडी में डूबने से मौत हो गई। करेड़ा थाना प्रभारी ओमप्रकाश गोरा ने बताया कि थाना क्षेत्र के डेलास गांव में रहने वाला विष्णु सिंह (14) पुत्र बाबू सिंह रावणा राजपूत बकरियों को चराने के लिए घर से लेकर निकला था। कोठारी नदी के एनिकट पर वह बकरियों को पानी पिला रहा था। इस दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में डूब गया। वहां मौजूद लोगों ने उसे बाहर निकाला और परिजनों व पुलिस को सूचित किया। परिजनों ने बताया कि मृतक विष्णु 9वीं क्लास में पढ़ता था। इधर, थाना क्षेत्र के ही टोकरा चौराहा स्थित नाड़ी पर शनिवार शाम को एक 10 साल के बालक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त धपड़ा निवासी ठाकुरसिंह रावत के रूप में हुई है। वह मवेशियों को नाडी पर पानी पिलाने के लिए लेकर गया था। वहां पैर फिसल जाने से वह डूब गया।

## पुरानी रंजिश में की वारदात

# युवक ने बुजुर्ग की गर्दन काटी, बाद में लोगों को धमकाया

**बेधड़क** | अजमेर

जिले में एक युवक ने बुजुर्ग पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी गर्दन काट दी। आरोपी पर इस कदर गुस्सा सवार था कि वारदात के बाद वह मंदिर पर चढ़ गया और लोगों को धमकाने लगा। मामला जिले के केकड़ी सिटी थाना क्षेत्र के भैरू गेट मोहल्ले में शनिवार सुबह 7 बजे का है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। एएसआई राम सिंह मीणा ने बताया कि हरलाल रैगर सुबह भैरू गेट मोहल्ला स्थित रामदेव मंदिर में दर्शन करने गया था।

इसी दौरान मोहल्ले में रहने वाला रामावतार रैगर मंदिर के पास कुल्हाड़ी लेकर पहुंचा और हरलाल की दर्जन पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। इस दौरान आरोपी युवक रामदेव मंदिर की छत पर जाकर खड़ा हो गया और धमकाने लगा। इस दौरान उसने लोगों को ललकारते हुए कहा कि और कोई भी हो तो सामने आओ। जेब से पर्ची निकालकार दिखाते हुए कहा कि अभी तो एक को मारा है, चार-पांच को और मारूंगा। सिटी थाना अधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि वारदात के बाद



आरोपी को मौके से पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार रामावतार पिछले कई सालों से बुजुर्ग हरलाल के परिवार से रंजिश पाले हुए था। पहले भी उसने कई बार जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी के पिता की कई साल पहले बीमारी से मौत हो गई थी। तब से ही युवक बुजुर्ग के परिवार के खिलाफ अपने पिता को मारने का आरोप लगाकर मन में रंजिश पाले हुए था।

इधर घटना के बाद समाज के लोग केकड़ी थाने पहुंचे और एसपी के नाम ज्ञापन सौंपकर आरोपी को सख्त सजा देने की मांग की। लोगों ने बताया कि हरलाल रैगर की हत्या के बाद आरोपी और भी लोगों को मारने की बात कह रहा था। इससे समाज के लोगों में दहशत है।

## हिस्ट्रीशीटर समेत 4 आरोपी गिरफ्तार, चोरी हुए कर्टन बरामद

# ड्राई फ्रूट्स चोरी की वारदात का खुलासा

**बेधड़क** | जैसलमेर

जिला पुलिस की ओर से शातिर अंतरराज्यीय नकबजन गिरोह के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पोकरण कस्बे में हुई लाखों रुपए के ड्राई फ्रूट्स चोरी की वारदात का 15 दिनों में खुलासा किया गया है। मामले में जयपुर के एक हिस्ट्रीशीटर समेत चार बदमाशों को गिरफ्तार कर ड्राई फ्रूट के कर्टन बरामद किए हैं।

प्रारंभिक पूछताछ में 7 वारदातों का खुलासा हुआ है। एसपी विकास सांगवान ने बताया कि 13 जुलाई को व्यापारी संजय कुमार ने थाना पोकरण पर रिपोर्ट दी थी कि उसकी



संजय टी कंपनी के नाम से ड्राई फ्रूट्स की दुकान है। चोर दुकान के पीछे के शटर के ताले तोड़कर दुकान में रखे 30 कट्टे बादाम, 90 कर्टन काजू, 25 कर्टन बादाम, 40 किलो इलायची, 25 हजार नकद और सीसीटीवी का डीवीआर चुरा ले गए। इस सामान की कीमत करीब 22 लाख रुपए है। घटना की गंभीरता को देख एसपी विकास सांगवान ने अलग-अलग टीमों का गठन किया गया।

टीमों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी सहयोग व आसूचना संकलन से जयपुर के थाना कालाडेरा के हिस्ट्रीशीटर मुकेश डाबरिया और थाना नरेना के हिस्ट्रीशीटर गोपाल निठारवाल समेत पांच को चिह्नित किया गया। एसपी ने बताया कि आरोपी थाना कालाडेरा के हिस्ट्रीशीटर मुकेश डाबरिया (30) निवासी रायथल थाना कालाडेरा हाल बगरू समेत रामफुल जाट (46) निवासी सुनारी थाना निवाई सदर जिला टोंक, अश्विन कुमावत उर्फ सोटू (18) निवासी सिवार मोड़ थाना बिंदायका, बजरंग लाल चौधरी (27) निवासी तिवारिया थाना जोबनेर को गिरफ्तार किया गया है।

### नाबालिग से गैंगरेप मामले के दो आरोपी पकड़े

**नागौर।** नाबालिग से गैंगरेप मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को पकड़ा है। इनमे थाना खुनखुना क्षेत्र निवासी आरोपी संग्राम राम चोयल को तमिलनाडु के सेल्लम से तथा तेजाराम जाट को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया है। एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि 18 जुलाई को पीड़िता की मां ने आरोपी शिवराज, प्रदीप, सुरेश कुमार, नरेंद्र भींचर, अशोक मुवाल, संग्राम राम, तेजाराम व अन्य के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दी थी। पूर्व में 5 नामजद आरोपियों शिवराज मुकेश, प्रदीप, नरेंद्र व अशोक को गिरफ्तार किया था।

## बेहोशी की हालत में पहुंचाया अस्पताल

# देवर-भाभी में चले चाकू

**बेधड़क** | झालावाड़

घरेलू विवाद के चलते देवर-भाभी में चाकू चल गए। इससे दोनों गंभीर घायल हो गए। झगड़े के बाद देवर ने कीटनाशक भी पी लिया। परिजन दोनों को बेहोशी की हालत में सुनेल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उन्हें गंभीर हालत में झालावाड़ रैफर किया गया।

मामला सुनेल थाना क्षेत्र के ग्राम सेमला का है। शनिवार सुबह देवर और भाभी में विवाद हो गया। विवाद में देवर ने भाभी और भाभी ने देवर पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हादसे में भाभी श्यामु बाई पत्नी स्व. रमेश चंद (35) निवासी सेमला के गले और पेट में चाकू मारा गया। वहीं भाभी ने भी देवर सुरेशचंद पुत्र रामचंद पर चाकू से हमला किया। बाद में देवर ने कीटनाशक भी पी लिया था।

इस घटना के मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गंभीर हालत में दोनों घायलों को परिजन सुनेल के राजकीय इब्राहीम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे, जहां से उन्हें जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया गया। फिलहाल युवक झालावाड़ जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है। घटना को लेकर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और झगड़े के कारणों की जांच कर रही है।

## वार्ड-4 में पहुंची हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की पदयात्रा

# केंद्रीय नेताओं के हर हफ्ते राजस्थान दौरे भाजपा की घबराहट: धारीवाल

■ विकास कार्यों के लिए व्यापारियों ने जताया आभार

**बेधड़क** | कोटा

केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों के राजस्थान दौरे को लेकर यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा पूरी तरह से घबराई हुई है। इसलिए बार-बार राजस्थान में भाजपा के शीर्ष नेताओं के आने का सिलसिला जारी है।

कुछ नेताओं ने तो डेरा भी यहीं डाल दिया है, लेकिन राजस्थान की जनता कांग्रेस सरकार को रिपीट करने का मन बना चुकी है। कांग्रेस सरकार की कल्याणकारी योजनाएं आमजन को बड़ी राहत पहुंचा रही हैं। मंत्री धारीवाल शनिवार को हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा के दौरान मीडिया से बातचीत में कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह समेत बीजेपी के नेता राजस्थान का लगातार दौरा कर रहे हैं, जबकि कांग्रेस सरकार में कई प्रधानमंत्री रहे भले वो पंडित जवाहरलाल नेहरु हो, लाल बहादुर शास्त्री हो इंदिरा गांधी हो राज्य के चुनाव में सिर्फ एक या दो सभाएं उनकी हुआ करती थीं, लेकिन केंद्र के नेता हर हफ्ते ही राजस्थान के दौरे कर रहे हैं।



### पदयात्रा का लोगों ने जगह-जगह किया स्वागत

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल के नेतृत्व में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत पद यात्रा का सिलसिला लगातार जारी है। पदयात्रा को नदी पार, पटरी पार क्षेत्र के बाद परकोटा क्षेत्र में भी जनता का भारी समर्थन मिल रहा है। अभियान के तहत पदयात्रा शनिवार को परकोटा क्षेत्र के वार्ड-4 में पहुंची। पदयात्रा का वार्डवासियों ने जगह-जगह पर जोरदार स्वागत किया। पदयात्रा के दौरान मंत्री शांति धारीवाल और पीसीसी महासचिव अमित धारीवाल वार्ड के लालबुर्ज, इंदिरा मार्केट सब्जी मंडी, श्रीपुरा पाटनपोल क्षेत्र के घर-घर पहुंचे और क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर क्षेत्र में करवाए गए विकास कार्यों के बारे में फीडबैक लिया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को भी सुना और समाधान के मौके पर ही निर्देश दिए। पदयात्रा के स्वागत में जगह-जगह पर स्वागत द्वार लगाए गए आतिशबाजी फूल मालाओं से स्वागत किया गया। वहीं मंत्री धारीवाल और अमित धारीवाल को साफा पहनाकर कर कोटा में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों के लिए आभार जताया गया। इस दौरान पूर्व ब्लाक अध्यक्ष संदीप भाटिया, पार्षद अजय सुमन, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, महेंद्र शर्मा समेत क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विकास कार्यों से बढ़ेगी जिले की पहचान

कोटा में चंबल रिवर फ्रंट और ऑक्सीजोन जैसे विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल विकसित किए जाने पर पदयात्रा के दौरान व्यापारियों ने मंत्री धारीवाल का आभार व्यक्त किया। इंदिरा मार्केट सहित क्षेत्र के बाजार के व्यापारियों ने जगह-जगह पर मंत्री धारीवाल और अमित धारीवाल का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उनका कहना था कि आपने कोटा के व्यापार में बढ़ोतरी के लिए सशक्त प्रयास किए हैं। जल्द ही कोटा पर्यटन के क्षेत्र में पहचान बनाएगा और कोटा के सभी व्यापारी तबके को इसका लाभ मिलेगा। पदयात्रा इंदिरा सहित सभी बाजारों में पहुंची, जहां दोनों नेताओं ने व्यापारियों से संवाद किया।

## अखिल भारतीय शिक्षा समागम में छाया राजस्थान, शासन सचिव शिक्षा ने दिया प्रेजेन्टेशन

# राष्ट्रीय मंच पर दिखे एजुकेशन इनीशिएटिव और फ्लैगशिप योजनाएं

बेधड़क | जयपुर/नई दिल्ली





नई दिल्ली के आईटीपीओ, प्रगति मैदान में शनिवार को शुरू हुए दो दिवसीय अखिल भारतीय शिक्षा समागम में राजस्थान में स्कूली शिक्षा के नवाचार और फ्लैगशिप योजनाओं का भी प्रदर्शन किया गया।

स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने शिक्षा समागम के पहले दिन आयोजित 'एक्सेस टू क्वालिटी एजुकेशन एंड गवर्नेंस' के विशेष सत्र में प्रदेश में स्कूल शिक्षा में चलाई जा रही फ्लैगशिप योजनाओं के साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों के समन्वय, बच्चों के बस्ते का बोझ कम करने की पहल, 10वीं कक्षा के बाद विद्यार्थियों को स्ट्रीम और विषय चयन में मार्गदर्शन के लिए इस शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में चलाए गए 'डायल फ्यूचर' कार्यक्रम, नो-बैग डे के तहत अलग—अलग थीम पर गतिविधियों के आयोजन जैसे नवाचारों पर प्रस्तुतीकरण दिया। सत्र में जैन ने पेनेलिस्ट के रूप में नई शिक्षा नीति के सन्दर्भ में राजस्थान के नवाचारों की व्याख्या करते हुए बताया कि राजस्थान के स्कूलों में 'नो बैग डे' के तहत शनिवार को संविधान की उद्देशियका और मूल कर्तव्यों के पठन, 'सुरक्षित स्कूल, सुरक्षित राजस्थान' (गुड टच-बैड टच), तम्बाकू से बचाव, सड़क सुरक्षा और बी-स्मार्ट जैसी गतिविधियों को शामिल करते हुए विस्तृत कैलेंडर तैयार किया गया है।

### डायल फ्यूचर कार्यक्रम ने खींचा ध्यान

समागम में शिक्षा विभाग के डायल फ्यूचर कार्यक्रम ने लोगों का विशेष ध्यान खींचा। जैन ने यहां बताया कि नए सत्र की शुरुआत में राज्य के सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूलों में 10वीं कक्षा उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थियों को आगामी कक्षाओं के लिए स्ट्रीम और विषय चयन में मार्गदर्शन के लिए चलाए गए 'डायल फ्यूचर' (भविष्य की राह) कार्यक्रम में 87 हजार से अधिक विद्यार्थियों को सीधे तौर पर लाभान्वित किया गया। साथ ही एक स्थाई हैल्पलाइन भी विद्यार्थियों के लिए शुरू की गई है।

गौरतलब है कि इस समागम में आयोजित प्रदर्शनी में राजस्थान में स्कूली शिक्षा में संचालित फ्लैगशिप योजनाओं, नवाचारों और विशेष गतिविधियों को स्टॉल पर प्रदर्शित किया गया है।

उप निदेशक मानाराम, सहायक निदेशक डॉ. नीरू पोटलिया, प्रधानाचार्य डॉ. लोकेश कुमार शर्मा, व्याख्याता विपिन कुमार गुप्ता एवं वरिष्ठ सलाहकार, एनईपी महिमा बंसल की टीम समागम में राजस्थान प्रदर्शनी का संयोजन कर रही है।

## Yuva स्टोरीज




**स्टूडेंट्स को दी खेलों और NCC क्रेडिट सिस्टम की जानकारी |** **जयपुर।** आईआईएस यूनिवर्सिटी कैम्पस में शनिवार को स्पोर्ट्स बोर्ड और एनसीसी सेल का ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ। सेशन के दौरान यूजी फर्स्ट सेमेस्टर के 275 छात्रों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस मौके पर वर्तमान स्टूडेंट्स के साथ ही पूर्व छात्र भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान स्पोर्ट्स बोर्ड की सचिव डॉ. रेनू शुंगलू ने स्टूडेंट्स को खेल गतिविधियों में पंजीकरण संबंधी अहम जानकारी दी। प्रोग्राम में स्टूडेंट्स को खेल और एनसीसी क्रेडिट प्रणाली के बारे में जागरुक किया गया। इस मौके पर पूर्व छात्रों व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने अपने अनुभवों से कार्यक्रम को रोचक बना दिया। नेटबॉल की खिलाड़ी पूजा चोपड़ा, बास्केटबॉल की नेहा चौधरी, हैंडबॉल की सदा राठौर समेत मिस राजस्थान-2023 फाइनलिस्ट नीरज यादव व मुस्कान ने छात्रों के साथ अपने अनुभव शेयर किए। लाइट ऑफिसर नीलम शर्मा ने जिज्ञासु छात्रों के प्रश्नों के जवाब दिए। कार्यक्रम में स्पोर्ट्स बोर्ड की विभिन्न इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट्स, वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट्स समेत एनसीसी शिविरों की जानकारी भी दी गई।

**युवाओं को मिलेगा प्रबंध एवं कौशल विकास प्रशिक्षण |** **जयपुर।** कॉर्पोरेट प्रशिक्षण इंस्टीट्यूट आर्टीकर्व युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर उसमें प्रबंध और कौशल क्षमता बढ़ाने के लिए काम करेगा। एमएसएमई के तहत पंजीकृत प्रशिक्षण इंस्टीट्यूट आर्टीकर्व की डायरेक्टर डॉ. आरती चोपड़ा ने बताया कि वे 20 वर्षो के उच्च शिक्षा अध्यापन अनुभव का लाभ युवाओं को देंगी। संस्था के माध्यम से वे युवा छात्रों तथा कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करती हैं। डॉ. चोपड़ा को कई कॉलेज और यूनिवर्सिटीज में प्रबंधकीय अध्यापन का अनुभव है।





**म्यूजिक के मैजिक के साथ स्टूडेंट्स का वैलकम |** **जयपुर।** अजमेर रोड स्थित जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी में नए बैच की शुरुआत के अवसर पर आयोजित बारह दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'आरम्भ-2023' के छठे दिन स्टूडेंट्स ने म्यूजिक बस की सैर की। दिल्ली से आए बैंड मैजिक मायस्टिक्स ने म्यूजिक बोट कार्यक्रम की दिलचस्प प्रस्तुति दी। पहले उन्होंने बच्चों से यूनिवर्सिटी एडमिशन के कारण पूछे और उनके बताए कारणों पर गीत फ्रेम कर म्यूजिकल प्रस्तुति ऑन द स्पॉट दी। इसके अतिरिक्त इन्हीं गीतो पर शाम को म्यूजिकल नाइट का भव्य आयोजन हुआ, जिससे देखकर स्टूडेंट्स रोमांच से सराबोर हो उठे। इससे पहले सुबह के सेशन में स्टूडेंट्स को जुम्बा, योगा, स्पोर्ट्स आदि की एक्टिविटीज करवाई गई। साथ ही दिनभर विभिन्न सेशन आयोजित हुए। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. धीरज सांघी ने बताया कि प्रदेश में सबसे बड़ा बारह दिन का ओरिएंटेशन कार्यक्रम जेकेएलयू में ही मनाया जाता है, इसमें सभी स्टूडेंट्स को पूरे समय के लिए यूनिवर्सिटी में स्टे करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि ओरिएंटेशन प्रोग्राम के दौरान स्टूडेंट लाइफ से जुड़े तमाम मुद्दों को टच किया जाता है एवं विभिन्न दिलचस्प सेशन्स द्वारा बच्चों को जरूरी जानकारियां दी जाती है। प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर दीपक सोगानी ने बताया कि एक्साइटमेंट और नॉलेज से भरे हुए ओरिएंटेशन के विभिन्न कार्यक्रमों का कॉर्डिनेशन भी यूनिवर्सिटी के छात्र ही कर रहे हैं। वॉलियंटर्स ने न्यूकमर्स को गाइड करते हुए उन्हें स्टूडेंट कौंसिल, स्टूडेंट क्लब के साथ ही यूनिवर्सिटी में होने वाले सालाना कार्यक्रमों मसलन स्पर्धा और सबरंग आदि की जानकारी भी दी।

## इंडियन नेवी क्विज में आवेदन कल तक

# ज्ञान व देशभक्ति दिखाने का मौका G-20 THINK


बेधड़क | जयपुर

अपने नॉलेज और टैलेंट को मंच देने के साथ ही भारतीय नौसेना की कार्यप्रणाली को नजदीकी से जानने व देश के गौरव का अनुभव करने की इच्छा रखने वाले स्टूडेंट्स के लिए अच्छी खबर है। भारतीय नौसेना (नेवी) ने 9वीं से 12वीं कक्षा के स्टूडेंट्स के लिए 'जी-20 थिंक' क्विज कॉम्पिटिशन लॉन्च किया है जिसके लिए रजिस्ट्रेशन 31 जुलाई तक जारी हैं।

अपने आपमें अनूठा यह कॉम्पिटिशन स्कूल स्टूडेंट्स को अपना हुनर दिखाने का एक विशाल मंच तो देगा ही, साथ ही उन्हें नेवी लाइफस्टाइल को करीब से देखने का भी मौका देगा। इंडियन नेवी, जी-20 सचिवालय और नेवी वेलफेयर एंड वेलनेस एसोसियेशन की ओर से आयोजित किए जा रहे इस कॉम्पिटिशन का मुख्य उद्देश्य अलग अलग इलाकों और भौगोलिक क्षेत्रों के युवाओं को साथ लाना और 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना के साथ स्थाई मित्रता को बढ़ावा देना है।

गौरतलब है कि यह इस क्विज कॉम्पिटिशन का दूसरा संस्करण है। दरअसल, नेवी वेलफेयर एंड वेलनेस एसोसियेशन की ओर से नेवी वीक के तहत विभिन्न नेवल स्टेशन्स पर इंटर स्कूल क्विज कॉम्पिटिशन आयोजित किए जाते रहे हैं।

पिछले वर्ष इन कॉम्पिटिशन्स को नेशनल लेवल कॉम्पिटिशन 'थिंक-22' जारी कर उसमें मर्ज कर दिया गया। पिछले वर्ष इस कॉम्पिटिशन के प्रथम संस्करण में 6425 स्कूलों ने भाग लिया था। कई ऑनलाइन राउंड्स के बाद 16 स्कूलों ने सेमिफाइनल व फाइनल्स के लिए क्वालिफाई किया था। फाइनल का आयोजन करवर, कर्नाटक में एयर क्राफ्ट कॅरियर आईएनएस विक्रमादित्य पर किया गया था।



### गेटवे ऑफ इंडिया पर होगा फाइनल

क्विज में इस बार 10 हजार से अिधक स्कूलों के पार्टिसिपेट करने की संभावना है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक कई ऑनलाइन राउंड के बाद 16 नवंबर 2023 को मुंबई में होने वाले सेमीफाइनल के लिए सोलह स्कूलों का चयन किया जाएगा। इनमें से शीर्ष आठ टीमें 18 नवंबर को ऐतिहासिक गेटवे ऑफ इंडिया पर आयोजित होने वाले फाइनल में नेशनल क्राउन के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। 22 नवंबर को कॉम्पिटिशन का इंटरनेशनल राउंड दिल्ली में इंडिया गेट पर होगा। इसमें शामिल होने के लिए भारतीय टीम का चयन एक जूरी करेगी जिसमें दो मुख्य क्विजर्स और एक स्टैंडबॉय शामिल होंगे। इंटरनेशनल राउंड में जी-20 देशों के साथ-साथ 9 अन्य देशों के आमंत्रित सदस्य शामिल होंगे, जिसमें प्रत्येक देश कक्षा 9 से 12 से और उनके समकक्ष के दो छात्रों की एक टीम को नामांकित करेगा। इंटरनेशनल राउंड में 11 टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी।

### मिलेगा नेवी लाइफ को करीब से जानने का मौका

कॉम्पिटिशन की सभी सोलह सेमीफाइनलिस्ट टीमों को नौसेना डॉकयार्ड का दौरा करने और जहाजों, पनडुब्बियों, नेवल एयरक्राफ्ट आदि पर नौसेना कर्मियों के साथ बातचीत करने का अवसर मिलेगा। सभी पार्टिसिपेंट्स को स्पेशल एप्रीशियेशन सर्टिफिकेट और प्राइस दिए जाएंगे।

### टाइमलाइन- G20 THINK

| | |
|---|---|
| Early सितंबर | ऑनलाइन एलिमिनेशन राउंड- फर्स्ट |
| Mid सितंबर | ऑनलाइन एलिमिनेशन राउंड - सेकंड |
| End सितंबर | ऑनलाइन क्वार्टर फाइनल |
| 17 नवंबर | सेमीफाइनल |
| 18 नवंबर | नेशनल फाइनल एट गेटवे ऑफ इंडिया |
| 22 नवंबर | इंटरनेशनल फाइनल एट इंडिया गेट |




# रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ एनसीसी कैंप का समापन

बेधड़क | जयपुर

सी स्कीम स्थित सेंट सॉल्जर पब्लिक स्कूल परिसर में चल रहा एनसीसी का 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शनिवार को कैडेट्स की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न हुआ। जयपुर ग्रुप एनसीसी के तत्वावधान में प्रथम राजस्थान बटालियन एनसीसी के संयुक्त और प्री थल सैनिक शिविर के अंतिम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत देशभक्ति एकल गीत, सामूहिक गीत, सामूहिक नृत्य जैसी प्रतियोगिताएं रखी गई जिनमें प्रतिभागियों ने उल्लास व जोश के साथ प्रस्तुतियां दीं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य एनसीसी कैडेट्स को भारतीय संस्कृति, वेशभूषा एवं देशभक्ति से अवगत कराना था। संपूर्ण शिविर में आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता कैडेट्स को कर्नल जितेंद्र सिंह मलिक ने गोल्ड, सिल्वर मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान हुए अपने-अपने अनुभवों को कैडेट्स ने अंतिम दिन साझा किया व सफल शिविर के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सरदार अजय पाल सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति कोषाध्यक्ष सरदार जसवीर सिंह, एनसीसी कमांडेंट ऑफिसर कर्नल जितेंद्र सिंह मलिक, विद्यालय प्राचार्या सोनल शर्मा एवं एनसीसी अधिकारी उपस्थित थे। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी एनसीसी अधिकारयों मुक्त कंठ से प्रशंसा कर आभार व्यक्त किया। एनसीसी कैडेट्स द्वारा एनसीसी गीत गायन के साथ यह दस दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुआ।





## अपॉर्च्युनिटी | चार ऑनलाइन कोर्स यूजीसी से मंजूर

# वीजीयू स्टूडेंट्स के लिए बढ़े ड्यूअल डिग्री ऑप्शन

बेधड़क | जयपुर

विवेकानन्द ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स अब चार और कोर्सेज को ऑनलाइन मोड में कर पाएंगे। वीजीयू को यूजीसी से एमसीए, एमएससी मैथ्स, एम ए इंग्लिश व बीए कोर्स को ऑनलाइन मोड में चलाने की मंजूरी मिल गई है।

विश्विविद्यालय पहले से ही बीसीए, बीबीए और एमबीए कोर्स को ऑनलाइन मोड में चला रहा है। इन नए कोर्सेज के ऑनलाइन चलने से यूनिवर्सिटी की ओर से न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत स्टूडेंट्स को दोहरी डिग्री के अवसर देने के इनीशिएटिव को बल मिलेगा। वीजीयू के सीईओ ओंकार बगड़िया ने बताया कि ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में ड्यूअल डिग्री कार्यक्रमों की शुरुआत छात्रों को एक साथ दो डिग्रियो की पढ़ाई करने की सुविधा की दिशा में लिया गया यूनिवर्सिटी की इनीशिएटिव है। यूनिवर्सिटी के छात्र अब एक रेगुलर डिग्री के साथ ही ऑनलाइन मोड में एक अलग डिग्री लेकर अपने कॅरियर को एक नई दिशा दे सकते हैं।



### वर्किंग प्रोफेशनल्स को मिलेगा फायदा

ऑनलाइन कोर्स से वर्किंग प्रोफेशनल्स, इंटरनेशलन स्टूडेंट्स और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले युवा अपनी सुविधा के अनुसार शिक्षा प्राप्त कर अपने पोर्टफोलियो को मजबूत बना सकेंगे। जो युवा कैंपस बेस्ड कोर्स करने में असमर्थ थे उनके लिए इन कोर्सेस से एक सुविधाजनक मार्ग खुलेगा। अत्याधुनिक वर्चुअल क्लास, इंटरैक्टिव टीचिंग प्लेटफॉर्म और पर्सनल अटेंशन इन क्लासेज की विशेषता रहेगी।

### 6000 स्टूडेंट्स का ओरिएंटेशन कल से

वर्तमान सत्र में वीजीयू के विभिन्न कोर्सेज में 6000 से अधिक स्टूडेंट्स एडमिशन ले चुके हैं। इन स्टूडेंट्स का ओरिएंटेशन 31 जुलाई से 3 अगस्त तक होगा। ओरिएंटेशन प्रोग्राम के दौरान नए स्टूडेंट्स को कैंपस विजिट, कॅरिकुलम इंट्रोडक्शन, को कॅरिकुलर एक्टिविटीज इन्फोर्मेशन आिद गतिविधियों से नए सफर के लिए तैयार किया जाएगा। साथ ही विभिन्न सब्जेक्ट एक्सपर्ट्स स्टूडेंट्स को अपने कॅरियर में सक्सेस के टिप्स देंगे।

## 28,450 साल पुरानी है भगवान विष्णु की मूर्ति

# कल्प-विग्रह का पानी पीकर दीर्घायु हो जाते हैं लोग!



पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

**शाश्वत सनातन**

*तांबे के पात्र में पानी भरकर उसमें किसी मूर्ति को रखें और नौ दिन बाद वह जल ऐसा प्रभावशाली हो जाए कि उसे पीने वाला दीर्घायु या यूं कहें शतायु हो जाए तो इसे क्या कहेंगे? चमत्कार ही ना! यह चमत्कारिक मूर्ति है भगवान वष्णु की, जो कि 28,450 वर्ष पुरानी बताई जा रही है। अमेरिका की प्रतिष्ठित गुप्तचर संस्था सीआईए ने इसको 'कालपा विग्राहा' नाम दिया है। मूर्ति की विशेषता को ऐसे ही स्वीकारा नहीं गया है। सीआईए ने इसके लिए पहले विभिन्न प्रयोगशालाओं में जांच करवाई। इस सबकी मॉनिटरिंग सीआईए के निदेशक जॉन मैककॉन ने खुद की। इसके साथ ही कुछ लोगों पर इसे टेस्ट किया गया। उन्हें तांबे के पात्र में मूर्ति रखने के बाद चार्ज हुआ जल पिलाया। वो लोग, जिन्होंने यह पानी पीया, वे सौ साल से ज्यादा उम्र तक जीए।*

## हम्पा रक्षक साधु ने सुरक्षा के लिए CIA को भेजी थी यह मूर्ति

यह किस्सा सन 1959 का है। जब चीन ने तिब्बत पर आक्रमण कर दिया था। उस समय वहां कई बौद्ध भिक्षुओं को पकड़कर जेल में डाल दिया गया। वहां के एक बौद्ध हम्पा साधु, जो कि हम्पा रक्षक साधु होते हैं, उन्होंने कुछ गुप्तचरों के सहयोग से एक छोटी सी भगवान विष्णु जी की मूर्ति को अमेरिका की एक गुप्तचर संस्था में भिजवा दिया था। मूर्ति के विषय मे उल्लेख करें तो इसकी लंबाई 5.3 सेंटीमीटर और चौड़ाई 4.7 सेंटीमीटर है। इस मूर्ति का नाम कल्प विग्रह है। इसका वजन 47 ग्राम है। उस संस्था ने मूर्ति को कब्जे में लेकर उस पर लेबल लगाया 'ST Circus Mustang-0183' फिर इस को सीआईए ने अमेरिकन आर्मी बेस कैंप हेल, वेल के पास कोलाराडो में रखा। उस बॉक्स में से मूर्ति के साथ एक प्राचीन पांडुलिपि भी मिली थी। इस मूर्ति के भीतर कुछ धातुओं को इस सटीक मात्रा में मिलाया गया है कि यदि इस ताम्र जल पात्र में कुछ देर तक इसे रख दें तो जल अवशोषित हो जाता है और आपको आयुष देता है और दीर्घायु बना देता है। यह उन सभी के लिए बहुत ही अचरज की बात थी।

**अचरज भरी, पर सांची बात**





मूर्ति का पिछला हिस्सा

## सीआईए ने इस आधार पर किया नामकरण

बाइबल में बिग बैंग को 4004 ईसा पूर्व बताया गया है। इस हिसाब से अंग्रेजों ने मिस्र के पिरामिड मेसोपोटामियन आदि की भी उम्र उस समय के आस पास तय कर दी। सम्भवतया सिंधुघाटी सभ्यता की भी आयु ऐसे ही तय कर दी गयी होगी, लेकिन जब 33 हजार साल साल पुरानी मूर्तियां मिलती हैं तो इनका सैद्धान्तिक तथ्य गलत प्रतीत होता है। मूर्ति के साथ पांडुलिपि का मिलना, जिसमें इस मूर्ति की उपयोगिता और इस का नाम भी लिखा है, आश्चर्य की बात है। इस मूर्ति के नाम का अनुवाद किया गया तो ये 'कलप महा-आयुष रसयान विग्रा' मिला। इस आधार पर CIA ने इस का नाम 'कालपा विग्राहा' रखा।

## ऐसा है भगवान नारायण का विग्रह

भगवान विष्णु का जो विग्रह है, जिसे कि कल्प विग्रह का नाम दिया गया है, उसमें मूर्ति हाथ में सुदर्शन चक्र धारण किए हुए है। भगवान विष्णु जी के चार हाथ हैं। विष्णु के एक हाथ में शंख, एक में कमल, एक में गदा हैं। ऐसा कहते हैं कि सुदर्शन चक्र भगवान शिव ने विष्णु जी को उनकी भक्ति से प्रसन्न हो कर प्रदान किया था। भगवान विष्णु को संरक्षक के रूप में पूजा जाता है। वे एक परमाणु से लेकर ब्रह्मांड तक, सबको बैलेंस करते हैं। असुर हो या कीटाणु या आप के विचार, सब की शुद्धि विष्णु भगवान ही करते हैं।

## विशेष धातु का था बॉक्स

जिस बॉक्स में मूर्ति रखी गई थी, वह विशेष धातु और लकड़ी का बना था। मूर्ति के नीचे शिव-पार्वती जी की आकृति भी पाई गई। इस मूर्ति का नामकरण 'कल्प विग्रह' नाम से किया गया। सीआईए ने जब इस मूर्ति को कार्बन डेटिंग के लिए कैलिफोर्निया विकिरण प्रयोगशाला में भेजा, तब वहां पर सीआईए को जो बात पता चली उससे सभी हतप्रभ रह गए। विभिन्न शोधों के बाद इस मूर्ति की आयु 28,450 वर्ष पुरानी आंकी गई। यह उनके लिए बहुत ही आश्चर्य का विषय था। अब तक माना जाता रहा था कि इतने वर्ष पहले न तो कोई भाषा थी, ना तो कोई तकनीक। न ही किसी को धातुओं का विशेष ज्ञान था तो कैसे यह संभव हुआ होगा कि किसी ने कांसे की श्री मूर्ति बनाई होगी? कैसे धातुओं को इतने सटीक अनुपात में मिलाया होगा।

## पानी पीया वह सौ के पार जीया

इस के बाद CIA ने एक टीम तैयार की (Watering_Team) जिनको ये पानी पीने को दिया गया। 1960 के आसपास ये प्रयोग किया गया। आज सभी टीम के सदस्य अपने पड़पोतों के साथ हंसी खुशी जीवन बिता रहे हैं। कल्प विग्रह के प्रयोग वाले सब कम से कम 110 वर्ष की आयु के पास हैं। कुछ नामों को छोड़ दिया जाए तो सभी स्वस्थ और दीर्ध आयु वाले हैं। उनमें से कुछ लोग जो मर गए उनमें रूथ गोलोन्का, एक कार दुर्घटना से मर गई। विली ली मॉर्गन की हत्या कर दी गई थी। स्टीवन मार्टिन और बर्ट जेनकींस वियतनाम में मृत्यु हुयी थी। इन ही सदस्यों ने दुनिया को ये भी बताया कि कल्प विग्रह 1996 में CIA के पास से अमेरिका के आर्मी कैंप से अपनी पाण्डुलिपि के साथ चोरी हो गया। बहुत खोज हुई। हजारों लोगों से पूछताछ की गई। सरकारी, सेना के ऑफिसर्स से भी, मगर मूर्ति नहीं मिली। लाखों डॉलर का इनाम भी रखा गया। इस मामले में बहुत लोगों की हत्याएं भी हुई हैं जिनमें माइक्रोबायोलॉजी वाले अधिक हैं।

## नौ दिन में चार्ज हो जाता है पानी

बोद्ध भिक्षु ने CIA को यह भी बताया कि अगर यह मूर्ति किसी तांबे के लोटे में पानी भर कर 9 दिन तक रखा जाए तो इस मूर्ति से पानी चार्ज हो जाता है। तथा इस पानी पीने वाले की उम्र बहुत ज्यादा हो जाती है। CIA ने इस विधि को किया और पानी को अलग अलग प्रयोगशालाओं में भेजा गया। सब प्रयोगशालाओं की रिपोर्ट सीधे CIA निदेशक, जॉन मैककॉन को भेजी गई।

---

**कविता**

## कृष्ण नहीं आएगा





प्रभुनाथ शुक्ल
भदोही, (उप्र)

द्रौपदी भीड़ में है नग्न हमारी!
कौरव कुल करता यह नर्तन है!!
सत्ता की मौन साधना करता!
धृतराष्ट्र बांध आंखों पर पट्टी!!
मध्यसभा में बिलख रही द्रौपदी!
क्या सब गूंगे-बहरे और अंधे हैं!!
कुल श्रेष्ठ पितामह, आचार्य द्रोण!
सब हारे हैं बेचारे बन मौन खड़े!!
दुर्योधन का दम्भ करता अट्टहास!
मर्यादा का यह सब कैसा परिहास!!
दुशासन! खुद अजेय समझता है!
देखो! कपटी शकुनी की चालों में!!
पांडव का बल भी गिरवी रखा है!
कपटी मामा की चौसर चालों पर!!
धर्म और कर्म के द्वन्द में उलझा!
धर्मराज का न्याय भी न सुलझा!!
अर्जुन फिर तू क्या अब आएगा!
लाज बचाने गाण्डीव तू लाएगा!!
शायद! द्वापर अब तो बीत गया!
कलयुग में तो कृष्ण नहीं आएगा!!

---

**शब्दों की सीख**

# काश! वो हंसी मिल जाती



भागचंद गुर्जर
वरिष्ठ साहित्यकार

वे दिन पुराने हुए जब मैं और हितेन्द्र साथ-साथ पढ़ा करते थे। हम चार पांच मित्रों की खूब अच्छी घुटती थी। हितेन्द्र हम सबमें अलग इसलिए था कि वह बचपन से ही पोलियों से ग्रस्त था। चलने फिरने में असमर्थ। वह पैरों से लाचार था, लेकिन उसके हाथ बहुत मजबूत थे। मानो पैरों की ताकत भी उसके हाथों में समा गई हो। पंजा लड़ाने में वह हम सभी को हरा देता था। हमेशा मस्त रहता था। मैंने कभी भी उसके चेहरे पर उदासी या लाचारी के भाव नहीं देखे। जब भी पाया प्रसन्नचित मुद्रा में ही पाया।

हम सभी मित्र मध्यवर्गीय परिवारों से थे। हमारा स्कूल घर से आधा किलोमीटर की दूरी पर था। हम पैदल की स्कूल जाते थे। हितेन्द्र से बड़े तीन भाई थे। उन बड़े भाईयों में से कोई एक उसको साइकिल पर बैठाकर स्कूल छोड़ने आता था। स्कूल के बाहर वाले चबूतरे पर छोड़कर चला जाता था। फिर हममें से कोई एक उसका थैला उठाकर अन्दर ले आता और वह घुटनों के बल चलता हुआ अन्दर आ जाता। जब हितेन्द्र घुटनों के बल चला रहा होता तो कुछ शैतान लड़के उसकी पीठ पर थप्पी लगा देते। वैसे तो वो इस ओर ध्यान नहीं देता था, लेकिन कभी वह इतनी तेजी से घूमकर उस लड़के का हाथ पकड़ता कि वह सकपका जाता। पकड़ ऐसी होती कि लड़का अपना हाथ नहीं छुड़ा पाता। हितेन्द्र की हंसने-हंसाने की तो ऐसी आदत थी कि कई बार हम सभी मित्रों को उस समय भी हंसा देता जब कक्षा में अध्यापक हमें पढ़ा रहा होता, फिर वह खुद भी सजा पाता और हमें भी सजा दिलवाता। वह हंसता भी बहुत खुलकर था। उसे अपने दिव्यांग होने का लेशमात्र भी दुख नहीं था।

उसने अपनी परिस्थिति से समझौता करना बखूबी सीख लिया था। स्कूल की छुट्टी होने पर सभी बच्चे यही चाहते हैं कि वे जल्दी से दौड़कर घर पहुंच जाएं। हितेन्द्र के लिए यह संभव नहीं था। हम मित्रों में से कोई एक उसका थैला चबूतरे पर पहुंचता, फिर वह उस चबूरे पर बैठा अपने भाई के आने का इंतजार करता। शायद ही कोई ऐसा दिन रहा हो, जब उसका भाई उसे ठीक समय पर लेने पहुंचा हो। कई बार तो छुट्टी हो जाने के घंटेभर बाद भी उसका भाई उसे लेने नहीं पहुंचता था। वह इसकी शिकायत भी किससे करता, क्योंकि वह तो वैसे भी सभी की नजरों में उपेक्षित ही था, लेकिन इसमें भी उसने एक राह निकाल ली थी। वह ऐसा करता कि जो कोई भी हमारे मौहल्ले की तरफ उधर से गुजर रहा होता वह उसकी साईकिल या गाड़ी पर बैठकर चला आता। हितेन्द्र पढ़ाई में ज्यादा होशियार नहीं था, बस किसी तरह पास हो जाता था। कभी किसी विषय में पूरक भी आ जाता था। तब वह अपने माता-पिता ओर भाईयों की खूब डांट खाता। फिर भी वह पढ़ाई पर उतना ध्यान नहीं दे पाता था।

हितेन्द्र की आवाज बहुत उम्दा थी और गाने बहुत मधुर गाता था। अधिकाशंतः वह अमिताभ बच्चन की फिल्मों के ही गाने गाता था। बालसभा में जब वह गाता तो समां बंध जाता। सभी शिक्षक और बच्चे शान्ति से उसका गाना सुनते। मोहल्ले में भी उसकी इस खूबी से सभी दूर-दूर तक परिचित थे। जब कभी वह हमारे घर आता तो मेरे बाऊजी उससे यही फरमाइश करते, हितेन्द्र हो जाए एक अच्छा सा गाना और हितेन्द्र थोड़ी ना-नुकर के बाद गाना गाने लगता। उसकी आवाज सुनकर सभी आस-पड़ोस वाले समझ जाते कि हितेन्द्र गा रहा है। वह अपनी इस प्रतिभा को और निखारना चाहता था। इसके लिए उसने यथासंभव प्रयत्न भी किए, लेकिन समय गुजरने के साथ उसकी यह प्रतिभा बजाय निखरने के बिल्कुल ही समाप्त हो गई, पर इसका उसे कभी कोई मलाल भी नहीं रहा।

आठवीं कक्षा के बाद हम सभी मित्र अलग-अलग विद्यालयों में चले गए। मैं और हितेन्द्र भी अलग-अलग हो गए। सम्पर्क हमारा बना रहा, क्योंकि घर हम सभी के पास-पास ही थे। खेलते-कूदते हम तब भी साथ-साथ ही थे। हितेन्द्र क्रिकेट अच्छा खेलता था। बेटिंग वह बहुत गजब की करता था। उसके बेटिंग करते समय ज्यादातर उसका रनर मैं ही बनता था। तब वह गेंद के शॉट मारते ही चिल्लाता, 'भागू-भाग' और मैं दौड़ पड़ता। कभी कभी तो वह इतने जर्बदस्त शॉट मारता कि सभी दंग रह जाते। मौहल्ले में उन दिनों कोई भी शैतानी की जाती तो हितेन्द्र उससे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अवश्य जुड़ा रहता। होली के एक दो दिन पहले जब हम लोगों के टाइटल निकालते तो हितेन्द ऐसे टाइटल सुझाता कि सभी हंसते हंसते लोट पोट हो जाते।

वह केवल दसवीं तक ही पढ़ा। इसके बाद उसकी पढ़ने की इच्छा बिल्कुल ही नहीं रही। दसवीं भी उसने दो बार में पास की। उसको तब एक संस्था की ओर से एक हाथ रिक्शा भी मिल गया था। उसमें बैठकर ही वह स्कूल जाता था, लेकिन दसवीं के बाद वह नहीं पढ़ सका। पढ़ाई छोड़ने के बाद कुछ सालों तक वो वह ऐसे ही मस्ती करता रहा, फिर उसके पिता ने घर के बाहर सड़क की ओर एक दुकान बनवा दी। उन्होंने हितेन्द्र से बड़े भाई को वह दुकान जनरल स्टोर की खुलवाई और हितेन्द्र को भी आदेश दे दिया कि वह दुकान में बैठकर अपने भाई का हाथ बटाए। हितेन्द्र को इसमें कोई आपत्ति नहीं हुई, बल्कि उसेअच्छा लगा। वह तो चाहता भी यही था कि उसका सम्पर्क ज्यादा से ज्यादा लोगों से हो और वह उनसे हंसी मजाक कर सके। उधर, उसके भाई को यह काम बिल्कुल ही पसंद नहीं आया। वह थोड़े दिनों में ही दुकानदारी के काम से परेशान हो गया, लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी। वह अकेला ही उस दुकान को संभालने लगा और इस ढंग से संभाला कि दुकान बहुत अच्छी चलने लगी। बाद में उसने अपनी दुकान पर एक सहायक भी रख लिया। हितेन्द्र गल्ले के पास बैठता और सहायक ग्राहकों को सामान उपलब्ध करवाता।

बदलते समय के साथ बहुत कुछ बदला, लेकिन हितेन्द्र अभी भी वही है। उसकी खनकती हंसी और चमकता चेहरा सबको अपनी ओर आकर्षित करता है। एक घटना तो मैं भूल ही नहीं सकता। उन दिनों हितेन्द्र दसवीं कक्षा में था। उन्हीं दिनों एक रोज वह किसी के साथ साइकिल पर जा रहा था कि अचानक किसी गाड़ी से एक्सीडेंट हो गया। साइकिल सवार तो बच गया पर हितेन्द्र मुंह के बल गिरा। सामने के चार दांत टूट गए और चेहरा भी जख्मी हो गया। मुझे लगा कि अब तो हितेन्द्र अपना मुंह छिपाए रहेगा और उस तरह नहीं हंसेगा। मेरा अंदाजा गलत था। हितेन्द्र उस स्थिति में भी वैसे ही खुलकर हंसा जैसे पहले हंसता था और मैं मन ही मन उसकी हंसी से रश्क करने लगा। आज भी उसकी वाकपटुता, व्यवहार कुशलता और विनोदी स्वभाव के कारण उसकी दुकान पर भीड़ लगी रहती है। वह ठीक-ठाक कमा लेता है। हितेन्द्र अविवाहित ही रहा। वह अपने भाईयों और उनकी बच्चों की जरूरत पड़ने पर रुपए-पैसे की मदद करता रहता है।

हितेन्द्र से मेरा सम्पर्क कभी नहीं टूटा, आज भी कायम है। अब भी प्रायः रोजाना ही मैं उसकी दुकान पर जाता हूं। वह मेरे दुकान पर पहुंचते ही कहेगा, 'आओ लेखक महोदय ओर सुनाओ क्या हल्ले गुल्ले हैं?' और फिर कोई ऐसा किस्सा छेड़ देगा कि हम दोनों हंसने लगेंगे। मैं इतने वर्षों उसके सम्पर्क में रहा, लेकिन कभी भी मैंने उसकी आंखों में आंसू तथा चेहरे पर उदासी नहीं देखी। जब भी उसको पाया हंसते हुए ही पाया। कभी-कभी उसे देखकर मुझे लगता है कि हितेन्द्र के मन के किसी कोने में शायद कोई ऐसा तहखाना है, जहां वह अपनी दुख-तकलीफ को समेटकर रखता जाता है। तभी तो इतना खुश रह पाता है। काश! मेरे पास भी ऐसा ही तहखाना होता।

**कर्नाटक कांग्रेस में रार:** असंतोष खत्म करने के लिए आलाकमान की पहल

# दिल्ली में 2 अगस्त को बुलाई बैठकें, पार्टी नेताओं-मंत्रियों से होगी बात

**एजेंसी** | बेंगलुरु

कांग्रेस आलाकमान ने पिछले कुछ समय से पार्टी की कर्नाटक इकाई में जारी असंतोष समाप्त करने के लिए दो अगस्त को नई दिल्ली में राज्य के पार्टी नेताओं की दो बैठकें आहूत की हैं। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, पहली बैठक पार्टी आलाकमान और कर्नाटक के शीर्ष पार्टी नेताओं के बीच होगी। कांग्रेस के एक पदाधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, उस बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री एवं पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष डी. के. शिवकुमार, कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एच. के. पाटिल, पार्टी महासचिव के. सी. वेणुगोपाल और रणदीप सिंह सुरजेवाला एवं कुछ अन्य शीर्ष पदाधिकारी शामिल होंगे। दूसरी बैठक कांग्रेस के मंत्रियों के साथ होगी, जिसमें पार्टी के कुछ वरिष्ठ विधायक भी हिस्सा ले सकते हैं। पार्टी विधायकों की शिकायतों को दूर करने के लिए गुरुवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक बेनतीजा रहने के मद्देनजर ये बैठकें आहूत की गई हैं।



### विकास कार्यों को लेकर कई कांग्रेस विधायक हैं नाराज!

कांग्रेस विधायक कथित तौर पर इस बात से नाराज हैं कि उनके निर्वाचन क्षेत्रों में कोई विकास कार्य नहीं हो रहे हैं। बैठक के दौरान उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मंत्री उन्हें समय नहीं दे रहे हैं और उनकी समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे हैं। कांग्रेस के एक अन्य सूत्र ने कहा, इन विधायकों ने हस्ताक्षर अभियान भी चलाया था, जिससे पार्टी नेताओं ने सही नहीं माना था। यहां तक कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने विधायक दल की बैठक के दौरान उन्हें चेतावनी दी थी कि वे ऐसी रणनीति का सहारा न लें, क्योंकि इससे सरकार की बदनामी होती है।

### सीएलपी की बैठक में नहीं थी कोई असहमति: परमेश्वर



राज्य के गृह मंत्री डॉ. परमेश्वर ने इस बात से इनकार किया कि विधायक दल की बैठक के दौरान कोई असहमति थी। परमेश्वर ने संवाददाताओं से कहा, कुछ विधायकों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा था कि उन्हें विधायक दल के सदस्यों की एक बैठक बुलानी चाहिए। इसका कारण यह था कि पिछली सीएलपी बैठक आधे समय में ही समाप्त हो गई थी, क्योंकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंत्रियों और विधायकों से मिलना चाहते थे। उन्होंने यह भी कहा कि सीएम सिद्धारमैया ने विधायकों से कहा कि पत्र लिखना उचित नहीं है। परमेश्वर ने बताया, मुख्यमंत्री ने विधायकों से कहा कि यदि आपने मुझे मौखिक रूप से बताया होता तो मैं बैठक बुला लेता। उन्होंने उनसे अनुरोध किया कि भविष्य में पत्र लिखने की परंपरा जारी नहीं रखी जानी चाहिए।

### सितंबर में हो सकती है 'इंडिया' की अगली बैठक

**नई दिल्ली।** विपक्ष के 26 दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की अगली बैठक मुंबई में अब 25 और 26 अगस्त की बजाय सितंबर के पहले सप्ताह में हो सकती है क्योंकि पहले की निर्धारित तिथियों पर कुछ नेताओं ने अपने व्यस्त कार्यक्रमों का हवाला देते हुए उपलब्ध होने में असमर्थता जताई है।

### शाह ने पदयात्रा नहीं 'पाप यात्रा' शुरू की है: स्टालिन



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर रामेश्वरम से पदयात्रा नहीं बल्कि पाप यात्रा (तमिल में पावा यतिराई) शुरू करने का आरोप लगाया और दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी परिवारवाद को कायम रख रही है। स्टालिन ने कहा कि गृह मंत्री ऐसे बात करते हैं जैसे परिवार का शासन केवल तमिलनाडु में ही मौजूद है और वह इस तथ्य को भूल गए कि यह भाजपा में भी मौजूद है। उन्होंने तमिलनाडु के मछुआरों के प्रति भाजपा के अचानक पैदा हुए स्नेह और सहानुभूति पर भी सवाल उठाया।

### TMC के पंचायत सदस्य की गोली मारकर हत्या

**कैनिंग (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने तृणमूल कांग्रेस के एक नवनिर्वाचित पंचायत सदस्य की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को बताया कि पंचायत सदस्य के साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गया है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह हत्या राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के कारण की गई है या निजी दुश्मनी की वजह से। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक, मगराहाट पूर्वी ग्राम पंचायत सदस्य मैमुर घरामी शुक्रवार देर रात जब घर लौट रहे थे, तभी अज्ञात बंदूकधारियों ने उनपर गोलियां चला दी। इसके अलावा उनपर किसी नुकीली चीज से भी वार किया। घरामी के साथ मौजूद शाहजहां मुल्ला नामक व्यक्ति को भी गोली लगी है।

**'इंडिया' के 21 सांसद मणिपुर के दौरे पर,** राहत शिविर में पीड़ितों से मिले

# सभी दल मसले के शांतिपूर्ण हल की कोशिश करें: चौधरी

**एजेंसी** | इंफाल

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने शनिवार को यहां कहा कि मणिपुर में जातीय संघर्ष भारत की छवि को खराब कर रहा है और इसे समाप्त करने के लिए सभी दलों को एक शांतिपूर्ण समाधान खोजने की कोशिश करनी होगी। विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के 21 सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल जमीनी हकीकत का आकलन करने के लिए हिंसा प्रभावित मणिपुर के दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को यहां पहुंचा।

दल ने हिंसा प्रभावित चुराचांदपुर शहर का दौरा किया और कुकी नेताओं तथा नागरिक समाज के सदस्यों के अलावा राहत शिविरों में जातीय हिंसा के पीड़ितों से मुलाकात की। चौधरी के नेतृत्व में दल ने चुराचांदपुर कॉलेज के छात्रावास में स्थापित एक राहत शिविर का दौरा किया। एक अन्य दल में लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई और अन्य शामिल थे और इस दल ने चुराचांदपुर के डॉन बॉस्को स्कूल में एक राहत शिविर का दौरा किया। चौधरी ने एक राहत शिविर का दौरा करने के बाद संवाददाताओं से कहा, 'वे अपराधों की केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो से जांच की बात कर रहे हैं... मैं पूछना चाहता हूं कि क्या वे (केंद्र सरकार) अब तक सो रहे थे। इससे पहले चौधरी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हम यहां जातीय हिंसा के पीड़ितों से मिलने और समस्या को समझने के लिए आए हैं। हम चाहते हैं कि यह हिंसा जल्द से जल्द समाप्त हो और शांति बहाल हो। मणिपुर में जो हो रहा है, उसे पूरी दुनिया देख रही है।

चौधरी ने कहा, जातीय हिंसा ने मणिपुर, पूर्वोत्तर क्षेत्र और पूरे भारत की छवि को नुकसान पहुंचाया है। हमें शांतिपूर्ण समाधान निकालने की कोशिश करनी चाहिए। हम यहां कोई राजनीति करने नहीं आए। प्रतिनिधिमंडल के दौरे के संबंध में एक सुरक्षा अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, वे सुरक्षा कारणों से इंफाल से हेलिकॉप्टर के जरिए चुराचांदपुर गए।

## कुकी समुदाय की अलग प्रशासन की मांग का विरोध, मेइती समुदाय ने निकाली रैली



**इंफाल।** मणिपुर में रहने वाले कुकी समुदाय द्वारा अलग प्रशासन की मांग के खिलाफ मेइती समुदाय ने शनिवार को विशाल रैली आयोजित की जिसमें घाटी के पांच जिलों के हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। रैली में शामिल लोगों ने राज्य की क्षेत्रीय अखंडता को बरकरार रखने की मांग की जो मई महीने के शुरुआत से ही जातीय हिंसा का सामना कर रहा है। कोऑर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटिग्रीटी (सीओसीओएमआई) द्वारा आयोजित रैली की शुरुआत इंफाल पश्चिम जिले के थांगमेबंद से शुरू हुई और पांच किलोमीटर की दूरी तय कर इंफाल पूर्वी जिले के हप्ता कंगजेयबुंग में संपन्न हुई। रैली में शामिल लोगों ने तख्तियां ले रखी थीं और उन्होंने अलग प्रशासन की मांग करने वाले और म्यांमार के अवैध प्रवासियों के खिलाफ नारेबाजी की।

### ये शामिल हैं प्रतिनिधिमंडल में

इस प्रतिनिधिमंडल में चौधरी और गोगोई के अलावा तृणमूल कांग्रेस की सुष्मिता देव, झारखंड मुक्ति मोर्चा की महुआ माजी, द्रमुक की कनिमोई,रालोद के जयंत चौधरी, राजद के मनोज कुमार झा, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के एन के प्रेमचंद्रन, जनता दल (यूनाइटेड) के राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह एवं अनिल प्रसाद हेगड़े, भाकपा के संदोश कुमार और माकपा के ए ए रहीम भी शामिल हैं।

### यौन उत्पीड़न मामले की सीबीआई ने जांच अपने हाथ में ली

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने मणिपुर में चार मई को भीड़ द्वारा दो महिलाओं का कथित यौन उत्पीड़न किए जाने संबंधी उस मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है, जिसका वीडियो इस महीने की शुरुआत में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर यह मामला सीबीआई को सौंप दिया गया है।

### 'इंडिया' के सदस्यों का दौरा मात्र दिखावा: अनुराग ठाकुर

**कोलकाता।** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के सदस्यों का दौरा मात्र दिखावा है। ठाकुर ने शनिवार सुबह कोलकाता पहुंचने के बाद आरोप लगाया कि जब पूर्ववर्ती सरकारों के शासन में मणिपुर जलता था, तब उन लोगों ने संसद में एक भी शब्द नहीं कहा, जो अब पूर्वोत्तर राज्य का दौरा कर रहे हैं।

**डॉ. कलाम पर पुस्तक का लोकार्पण**

## डॉ.कलाम ने देखा था अंतरिक्ष में ऊंची छलांग का सपना: अमित शाह



**एजेंसी** | रामेश्वरम

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ऊंची छलांग रहा है जिसका सपना दिवंगत राष्ट्रपति एवं प्रख्यात वैज्ञानिक एपीजे अब्दुल कलाम ने देखा था। शाह ने 'डॉ एपीजे अब्दुल कलाम, मेरोरीज नेवर डाई' नामक पुस्तक के विमोचन के दौरान यह बात कही और साथ ही उन्होंने भारत की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अमूल्य योगदान के लिए कलाम की सराहना भी की। उन्होंने कलाम की जीवन यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने शुरुआत 'समाचार पत्र' बेचने से की थी, लेकिन बाद में अपने कार्यों से उन्होंने प्रसिद्धि प्राप्त की और देश में सर्वोच्च पद भी पहुंचे। कलाम के सिद्धांतों पर चर्चा करते हुए शाह ने कहा कि जब कलाम राष्ट्रपति थे तब एक बार कुछ लोग नौ दिन तक राष्ट्रपति भवन में रुके थे, राष्ट्रपति ने उनके रुकने के खर्च के एवज में सरकार को 9.52 लाख रुपए दिए थे। हालांकि नियम के मुताबिक वे लोग सरकारी अतिथि थे।

**केरल:** मंत्री गोपालन ने साधा निशाना

## कांग्रेस, BJP व मुस्लिम लीग के बीच गठजोड़

**एजेंसी** | कोल्लम (केरल)



केरल में प्रमुख विरोधी दलों पर निशाना साधते हुए राज्य के वित्त मंत्री के. एन. बालगोपाल ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस, भाजपा और मुस्लिम लीग ने आगामी लोकसभा चुनावों में माकपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को हराने के लिए हाथ मिला लिया है।

वर्ष 1991 के आम चुनावों के दौरान कोझिकोड की वडकारा लोकसभा सीट पर कांग्रेस-मुस्लिम लीग-भाजपा गठबंधन के कथित कुख्यात राजनीतिक प्रयोग का जिक्र करते हुए माकपा के वरिष्ठ नेता बालगोपाल ने आरोप लगाया कि अगले साल आम चुनाव से पहले ग्राम पंचायत स्तर पर इसके नए संस्करण का प्रयोग किया जा रहा है। बालगोपाल ने आरोप लगाया कि हाल में उनके कोट्टाराक्करा विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले उम्मन्नूर ग्राम पंचायत में भाजपा के समर्थन से कांग्रेस की जीत उनके अपवित्र संबंधों का स्पष्ट संकेत है। बालगोपाल ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, यह अपवित्र गठबंधन राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए बनाया गया था, जिन्होंने समझौते के अनुसार ढाई साल बाद इस्तीफा दे दिया था। वरिष्ठ वामपंथी नेता ने अपने 26 जुलाई के पोस्ट में आरोप लगाया कि यह स्पष्ट है कि कांग्रेस और भाजपा पहले की तरह अपने गठबंधन की तैयारी कर रहे हैं।

**भाजपा की राष्ट्रीय टीम में बदलाव: पार्टी की अहम पहल**

# पसमांदा मुसलमानों के करीब जाने की कड़ी बन सकते हैं तारिक मंसूर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

इस साल चार राज्यों में विधानसभा चुनावों एवं अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों की तैयारी में जुटी भाजपा ने शनिवार को घोषित राष्ट्रीय पदाधिकारियों में दो मुस्लिम चेहरे भी शामिल किए हैं जिन्हें पार्टी का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

इनमें उत्तर प्रदेश से पसमांदा मुसलमान समाज से ताल्लुक रखने वाले अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के पूर्व कुलपति तारिक मंसूर का नाम भी शामिल है। मंसूर वर्तमान में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य हैं। उन्हें नई टीम में शामिल करने के फैसले को पसमांदा मुसलमानों के लिए पार्टी की पहल का हिस्सा





माना जा रहा है। इसके साथ ही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर दो मुसलमान हो गए हैं। केरल के अब्दुल्ला कुट्टी पहले से ही पार्टी के उपाध्यक्ष हैं। सूत्रों के अनुसार भाजपा पसमांदा मुसलमानों के साथ संपर्क बढ़ाने के प्रयास में है और उत्तर प्रदेश में पार्टी ने इस दिशा में पहल भी की है। समझा जाता है कि मंसूर को पार्टी का उपाध्यक्ष बनाया जाना पार्टी की इसी रणनीति का हिस्सा है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार भाजपा आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर पसमांदा मुसलमानों पर काफी ध्यान केंद्रित कर रही है। पार्टी और आरएसएस विशेष रूप से मुस्लिम शिक्षाविदों और चिकित्सा, कानून और नौकरशाही जैसे व्यवसायों से जुड़े लोगों तक पहुंच रहे हैं, ताकि उनमें बदलाव लाया जा सके। पार्टी खासतौर पर उत्तर प्रदेश में पसमांदा मुसलमानों को भी साथ लेकर चलना चाहती है। मंसूर ने एनआरसी और सीएए विरोध प्रदर्शनों के केंद्र में से एक रहे एएमयू को विवाद से बचे रहने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भाजपा लगातार अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठकों के माध्यम से मुस्लिम आबादी के एक वर्ग तक पहुंच रही है। पार्टी ज्यादातर ध्यान पसमांदा मुसलमानों पर केंद्रित है। तारिक मंसूर, उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लिए कुछ सालों में भाजपा द्वारा चुने गए चौथे मुस्लिम हैं। तारिक मंसूर उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से हैं।

### ऐसे आए संघ के करीब

आरएसएस के एक पदाधिकारी के अनुसार, तारिक मंसूर ने दारा शिकोह प्रोजेक्ट पर अपने काम से संघ के नेतृत्व को प्रभावित किया था। धार्मिक संवाद पर शिकोह के अधिकांश काम का अनुवाद करने और उन्हें मुस्लिम समुदाय के लिए एक आदर्श के रूप में पेश करने के लिए मंसूर ने एएमयू के फारसी विभाग का प्रभावी ढंग से उपयोग किया था।

### एएमयू के रहे हैं वाइस चांसलर

तारिक मंसूर ने इस साल की शुरुआत में एएमयू के वाइस चांसलर पद से इस्तीफा दिया था। उन्होंने ये पद 17 मई 2017 को संभाला था। इस पर उन्हें मई 2022 तक रहना था, लेकिन कोरोना के कारण उनका कार्यकाल एक साल तक के लिए सरकार ने बढ़ा दिया था। मंसूर एएमयू के पहले कुलपति रहे जिन्हें कि विधान परिषद सदस्य बनाने के लिए नामांकित किया गया था. इसके अलावा वह जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के प्रिंसिपल भी रहे हैं। मंसूर एएमयू में सर्जरी विभाग के प्रमुख की भी जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

### रवि, सैकिया, राधामोहन सिंह की छुट्टी

नड्डा ने शनिवार को अपनी राष्ट्रीय टीम में फेरबदल करते हुए कर्नाटक के सी टी रवि और असम से लोकसभा सदस्य दिलीप सैकिया की राष्ट्रीय महासचिव पद से और पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह की उपाध्यक्ष पद से छुट्टी कर दी। राधामोहन सिंह के पास उत्तर प्रदेश जैसे महत्वपूर्ण राज्य का प्रभार था, जबकि राष्ट्रीय महासचिव के पद से हटाए गए सी टी रवि महाराष्ट्र, गोवा और तमिलनाडु के प्रभारी थे। चार बार के विधायक रवि कर्नाटक में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में करीबी मुकाबले में अपनी सीट हार गए थे। सैकिया के पास अरुणाचल प्रदेश का प्रभार था। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ए के एंटनी के बेटे अनिल एंटनी को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है।

### पांच महिला उपाध्यक्ष, चार सचिव

पार्टी ने हाल ही में महासचिव डी पुरंदेश्वरी को अपनी आंध्र प्रदेश इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया था। पार्टी के नौ महासचिवों में अब कोई महिला नहीं है, हालांकि नए राष्ट्रीय पदाधिकारियों की सूची में पांच महिला उपाध्यक्ष और चार महिला सचिव हैं।

## जरूरी खबर

### कॉरपोरेट मंत्रालय के दो अफसरों समेत 4 गिरफ्तार




**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने तीन लाख रुपए की रिश्वत के संबंध में कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय में तैनात दो संयुक्त निदेशक रैंक के अधिकारियों और आलोक इंडस्ट्रीज के एक सहयोगी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने एक बयान में कहा, दिल्ली, गुरुग्राम और चेन्नई में आरोपियों के परिसरों में तलाशी ली गई, जिसमें करीब 59.80 लाख रुपए की नकदी, अपराध में इस्तेमाल होने वाले कई दस्तावेज और डिजिटल सबूत बरामद हुए। गिरफ्तार किए गए लोगों में कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के कार्यालयों में तैनात संयुक्त निदेशक मंजीत सिंह व पुनीत दुग्गल, वरिष्ठ तकनीकी सहायक रूही अरोड़ा और आलोक इंडस्ट्रीज के सहयोगी रेशम रायजादा शामिल हैं।

### पीएम ने की मुरली मनोहर जोशी से मुलाकात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी से मुलाकात की। जोशी (89) से मुलाकात के बाद मोदी ने ट्वीट किया, आज मुरली मनोहर जोशी जी का मार्गदर्शन और आशीर्वाद मिला। उनसे मिलकर मेरे जैसे हर कार्यकर्ता को हमेशा एक नई ऊर्जा मिलती है। जोशी भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं, जो 1980 और 1990 के दशक के अंत में पार्टी के चोटी के नेताओं में शामिल थे।

### पंजाब में KLF के पांच आतंकी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने शनिवार को कहा कि उसने खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार करके स्वतंत्रता दिवस से पहले राज्य में शांति भंग करने की पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की साजिश को नाकाम कर दिया है। पुलिस ने कहा कि दो सप्ताह के अभियान के बाद गिरफ्तारियां की गईं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि सूचना मिली थी कि विदेश में रहने वाले कुछ आतंकवादी तत्वों ने जेलों में बंद अपराधियों के माध्यम से आतंकियों की भर्ती करके आतंकी मॉड्यूल बनाया है।

## श्रीनगर में 35 वर्षों में पहली बार निकाला मोहर्रम का जुलूस



*श्रीनगर। कर्बला के मैदान में इमाम हुसैन की शहादत की स्मृति में शनिवार को श्रीनगर में निकाले गए मोहर्रम के जुलूस में शामिल लोग। शहर में 35 वर्षों में पहली बार मोहर्रम का जुलूस निकालने की अनुमति दी गई। -पीटीआई*

### झगड़ा किया था कोर्ट का 400 पौधे रोपने का निर्देश




**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मामूली बात पर झगड़ा करने वाले दो परिवारों के सदस्यों को अपने-अपने इलाकों में दो-दो सौ पौधे लगाने का निर्देश दिया है, ताकि वे समाज में योगदान देकर अपनी नकारात्मक उर्जा खत्म कर सकें। अदालत ने कहा कि दोनों पक्षों को पौधे लगाकर पांच साल तक उनकी देखभाल करनी है। अदालत ने जानबूझकर चोट पहुंचाने, चोट पहुंचाने की तैयारी से घर में घुसने, हमला करने या गलत तरीके से रोकने, आपराधिक धमकी देने और गैर-इरादतन हत्या के प्रयास के आरोप में दर्ज दो आपराधिक मामलों में कार्यवाही रद्द कर दी। न्यायाधीश दिनेश कुमार शर्मा ने कहा, हालांकि, मेरा मानना है कि संबंधित पक्षों को समाज में योगदान देने का निर्देश देकर उनकी नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त किया जाना चाहिए। इसलिए, दोनों मामलों में याचिकाकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में दो-दो सौ पेड़ लगाने का निर्देश दिया जाता है।

## पीएम ने किया शिक्षा समागम का उद्घाटन, कहा...

# भाषा को लेकर राजनीति करने वालों की दुकान हो जाएगी बंद

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जरिए देश में हर भाषा को उचित महत्व दिया जाएगा, छात्रों के साथ न्याय किया जायेगा और नफरत फैलाने के मकसद से भाषा को लेकर राजनीति करने वालों को अपनी दुकानें बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने एनईपी के तीन साल पूरे होने के अवसर पर अखिल भारतीय शिक्षा समागम के उद्घाटन कार्यक्रम में कहा कि छात्रों के साथ सबसे बड़ा अन्याय उन्हें उनकी क्षमताओं के बजाय उनकी भाषा के आधार पर आंकना है। उन्होंने कहा, मातृभाषा में शिक्षा भारत में छात्रों के लिए न्याय के एक नए रूप की शुरुआत कर रही है।

यह सामाजिक न्याय की दिशा में भी एक बहुत महत्वपूर्ण कदम है। दुनिया में भाषाओं की अधिक संख्या और उनके महत्व को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कई विकसित देशों को उनकी स्थानीय भाषाओं के कारण बढ़त मिली है। उन्होंने यूरोप का उदाहरण देते हुए कहा कि ज्यादातर देश अपनी मूल भाषा का इस्तेमाल करते हैं।




### अंग्रेजी नहीं बोलने वालों की होती है उपेक्षा

मोदी ने इस बात पर अफसोस जताया कि भले ही भारत में कई स्थापित भाषाएं हैं, लेकिन इन्हें पिछड़ेपन की निशानी के तौर पर पेश किया जाता है और जो लोग अंग्रेजी नहीं बोल सकते, उनकी उपेक्षा की जाती है और उनकी प्रतिभा को मान्यता नहीं दी जाती है। इसके परिणामस्वरूप, ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे सबसे अधिक प्रभावित रहते हैं। एनईपी को लाए जाने के साथ देश ने अब इस धारणा को त्यागना शुरू कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र में भी, मैं भारतीय भाषा में बोलता हूं।

### सभी विषयों की पढ़ाई भारतीय भाषाओं में

मोदी ने कहा कि सामाजिक विज्ञान से लेकर इंजीनियरिंग तक के विषय अब भारतीय भाषाओं में पढ़ाए जाएगे। उन्होंने कहा, जब छात्र किसी भाषा में आत्मविश्वास रखते हैं, तो उनका कौशल और प्रतिभा बिना किसी पाबंदी के उभर कर सामने आएगी।

### कई देश IIT परिसर खोलने के इच्छुक

दुनिया भारत को नयी संभावनाओं की 'नर्सरी' के तौर पर देख रही है और कई देश अपने यहां भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के परिसर खोलने के लिए सरकार से संपर्क कर रहे हैं। दो आईआईटी परिसरों-तंजानिया में एक परिसर और अबू धाबी में एक परिसर-का संचालन शुरू होने वाला है... कई वैश्विक विश्वविद्यालय भी हमसे संपर्क कर रहे हैं। वे भारत में अपने परिसर खोलने में रुचि दिखा रहे हैं।

### पीएमश्री योजना में पहली किस्त जारी

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 'पीएम श्री' योजना के तहत निधि की पहली किस्त जारी की। इस योजना के तहत स्कूल छात्रों को इस तरह से पोषित करेंगे कि वे एनईपी द्वारा परिकल्पित न्यायसंगत, समावेशी और बहुलवादी समाज के निर्माण के लिए योगदान देने वाले नागरिक बनें। प्रधानमंत्री ने 12 भारतीय भाषाओं में अनूदित शिक्षा और कौशल पाठ्यक्रम की पुस्तकों का विमोचन भी किया। यह दो दिवसीय समागम यहां प्रगति मैदान के 'भारत मंडपम' में आयोजित किया जा रहा है।

## पीएसएलवी-सी56 भरेगा उड़ान

# सिंगापुर के 6 उपग्रहों का प्रक्षेपण आज, उल्टी गिनती शुरू

**एजेंसी** | श्रीहरिकोटा

पीएसएलवी रॉकेट के जरिये सिंगापुर के पृथ्वी प्रेक्षण उपग्रह और छह अन्य उपग्रहों को कक्षा में स्थापित करने के लिए शनिवार को उल्टी गिनती शुरू हो गई। इस महीने बहुप्रतीक्षित चंद्रयान-3 को प्रक्षेपित करने के बाद इसरो अब पीएसएलवी-सी56 को प्रक्षेपित करने की अंतिम तैयारी कर रहा है, जिसके जरिए सिंगापुर के रडार मानचित्रण पृथ्वी प्रेक्षण उपग्रह डीएस-एसएआर उपग्रह और छह अन्य उपग्रहों को 30 जुलाई को प्रक्षेपित करेगा। अन्य उपग्रहों में वेलोक्स-एएम 23 किलोग्राम का सूक्ष्म उपग्रह, एआरसीएडीई, प्रायोगिक उपग्रह स्कूब-2, 3यू नैनोसैटेलाइट, गैलासिया-2, ओआरबी-12 स्ट्राइडर शामिल हैं। चेन्नई से करीब 135 किलोमीटर दूर आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष केंद्र से रविवार सुबह छह बजकर 30 मिनट पर 44.4 मीटर लंबा ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) रवाना होगा।



### सुबह 6.30 बजे जाएगा अंतरिक्ष में

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने शनिवार को कहा, पीएसएलवी-सी56/डीएस-एसएआर मिशन को 30 जुलाई, 2023 को सुबह 6.30 बजे प्रक्षेपित करने के लिए उल्टी गिनती शुरू हो गई है। इसरो ने बताया कि पीएसएलवी को 'इसरो का वर्कहॉर्स' का तमगा प्राप्त है, जो लगातार उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित कर रहा है।

## बाघ दिवस पर आंकड़े जारी: 2022 में आंकड़ा 3,682 पर पहुंचा

# भारत में हैं दुनिया के 75 प्रतिशत बाघ

**एजेंसी** | नई दिल्ली/रामनगर

भारत में बाघों की संख्या 2018 में 2,967 से बढ़कर 2022 में 3,682 हो गई है। इस तरह बाघों की संख्या में छह प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। शनिवार को अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर केंद्रीय वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने उत्तराखंड के रामनगर में 2022 के आंकड़े जारी किए। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही भारत में बाघों की आबादी



वैश्विक आंकड़ों का 75 प्रतिशत हो गया है। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अप्रैल में प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने के मौके पर बाघों की स्थिति 2022 जारी की थी तो सरकार ने कहा था कि भारत में कम से कम 3167 बाघ हैं। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, देश में अधिकतम 3925 बाघ हैं। औसत संख्या 3,682 है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले चार वर्षों में 50 प्रतिशत की वृद्धि के साथ देश में मध्य प्रदेश में बाघों की अधिकतम संख्या (785) है, इसके बाद कर्नाटक (563), उत्तराखंड (560), और महाराष्ट्र (444) हैं।

### सोनिया से कहा, अब राहुल की शादी कीजिए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी से हरियाणा की महिला किसानों ने बातचीत में कहा कि राहुल की शादी करिए। इस पर सोनिया ने पलटकर उनसे कहा कि आप उसके लिए लड़की ढूंढ़िए। विवाह की इस चर्चा के बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, ऐसा होगा। राहुल गांधी ने हाल में हरियाणा की अपनी यात्रा के दौरान महिला किसानों को भोज देने का वादा किया था।

## संसदीय संघ का सम्मेलन



*शिलांग। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शनिवार को शिलांग में मेघालय विधानसभा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सम्मेलन को संबोधित करते हुए। -पीटीआई*

## यात्रा वृत्तांत... अमरनाथ यात्रा

# यात्रा रुकी तो बढ़ गया श्रद्धालुओं का दबाव, शिविर भी पड़ने लगे छोटे

**राजेश कुमावत** | बेधड़क

**जयपुर।** लखनपुर बॉर्डर से अमरनाथ यात्रा का अनुमति पत्र व वाहन परमिट मिलने के बाद हमारा जत्था 9 जुलाई को प्रातः आगे की यात्रा शुरू की, शाम को कटरा पहुंचे तो सूचना मिली कि बारिश-भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदा के कारण यात्रा को आगे बढ़ने से रोक दिया गया है।

ऐसे में हमने रात्रि विश्राम कटरा में किया। कटरा वैष्णो देवी मंदिर जाने के लिए आधार शिविर का काम करता है। यात्रा रुकी हुई थी, इसलिए हमने 10 जुलाई को माता वैष्णो देवी एवं बाबा भैरव नाथ के दर्शन किए। यात्रा के बीच मिला यह अवसर भी अविस्मरणीय रहा। इस बीच, प्राकृतिक आपदा के कारण यात्रा अगले दो दिन भी थमी रही और हम लोग कटरा में अटके रहे। रास्ता खुलने पर हमारा जत्था 13 जुलाई की सुबह कटरा से रवाना होकर शाम 4 बजे श्रीनगर पहुंचा। जम्मू से श्रीनगर का सफर भी अद्भुत रहा। सुरम्य वादियों के बीच से गुजरते हुए वाहन, पहाडियां और हरियाली आपका मन मोह लेते हैं। श्रीनगर में यात्रियों को सीआरपीएफ के कैंप में ठहराया गया। लेकिन शिविर में उसकी क्षमता से कहीं अधिक यात्री पहुंच गए थे जिससे लोगों के परेशानी हुई।



### 3000 की जगह 8000 यात्री पहुंचे कैंप में, सड़क बनी सहारा

13 जुलाई को यात्रा जब शुरू हुई तो जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर यात्रियों से भरी सैकड़ों गाड़ियां खड़ी थीं। तीन-चार दिन यात्रा थम रही तो कटरा तक पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी काफी बढ़ गई थी। ऐसे में यात्रा मार्ग पर अचानक यात्रियों की भीड़ बढ़ गई। नतीजा यह हुआ कि प्रशासन द्वारा यात्रा के लिए बनाए गए शिविर एवं सुविधाएं कम पड़ गई एवं यात्रा मार्ग में अव्यवस्थाएं बढ़ गई। श्रीनगर पहुंचने पर यात्रियों को सीआरपीएफ कैंप में ठहराया गया। कैंप में 3000 यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था थी, लेकिन यात्रियों के अतिरिक्त दबाव के कारण वहां करीब 8000 यात्री पहुंच गए थे। ऐसे में यात्रियों को खुली सड़क पर सर्द रात गुजारनी पड़ी। हालांकि वहां मदद के हाथ भी नजर आए। सुरक्षा कर्मियों ने कई लोगों को कंबल व बिछाने के लिए कपड़े भी उपलब्ध कराए। जवान मदद को हर समय तत्पर दिखे पर क्षमता से अधिक यात्री जुटने पर समस्याएं बढती हैं।

### लघु भारत नजर आता है चारों ओर

बाबा अमरनाथ के जयकारों और सर्द हवा के झोंकों के बीच यात्रियों ने रात गुजारी और सुबह होते ही कैम्प से रवानगी शुरू हो गई। कुछ यात्री बालटाल स्थित आधार शिविर से यात्रा शुरू करने पहुंचे तो, अधिकांश यात्री पहलगांव स्थित आधार पहुंचे। हम लोग भी पहलगांव आधार शिविर से चंदनबाड़ी पहुंचे तो वहां लोगों की कतार लगी थी। लगा लघु भारत ही यहां मौजूद है। देश के विभिन्न भागों से आए लोग वहां नजर आए। श्रद्धा से ओतप्रोत, बाबा के जयकारे लगाते हुए।

### गरम कपड़े-खाने-पीने की चीजें होती हैं साथ

अमरनाथ यात्रा के दिशानिर्देशों के अनुसार यात्री हालांकि अपने साथ गरम कपड़े व दो तीन दिन की खाद्य सामग्री लेकर चलते हैं जिनमें सूखे मेवे व बिस्किट-नमकीन आदि होते हैं ताकि आपदा के समय कोई परेशानी न हो। लेकिन कई बार यात्रा का ठहराव लंबा खींच जाता है तो परेशानी भी बढ़ जाती है। **क्रमश...**

## फोटोग्राफी एग्जिबिशन: जयपुर में शुरू हुआ टाइगर्स का रोमांच

# JKK में 4 दिन 'जंगल किंग का राज'

**बेधड़क.जयपुर।** जयपुर में टाइगर्स की जिंदगी को तस्वीरों में उतारा तो जनप्रतिनिधियों से लेकर आमजन तक रोमांचित होकर उनको निहारते रह गए। फिर पूरा जंगल ही दीवारों पर नजर आया और वाइल्ड लाइफ की ओर ध्यान दिलाया गया। ये अनूठा नजारा था जयपुर टाइगर फेस्टिवल (जेटीएफ) की ओर से इंटरनेशनल टाइगर डे पर जेकेके में टाइगर फोटोग्राफी एग्जिबिशन व कॉम्पीटिशन का। इसका उद्धघाटन मुख्य अतिथि मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास व गेस्ट ऑफ ऑनर चेयरमैन राजस्थान हाउसिंग बोर्ड पवन अरोडा ने किया। खाचरियावास ने इस मौके पर कहा कि टाइगर संरक्षण के लिए इस तरह के आयोजन होने चाहिए। इससे टाइगर प्रिजर्वेशन के लिए जागरूकता बढाने में मदद मिलती है।



### 500 एंट्रीज में दिखा उत्साह

जेटीएफ सचिव आशीष बैद ने बताया कि प्रदर्शनी में देश-विदेश से वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर्स की ओर से लगभग 500 एंट्रीज आई थी। कैमिटी के आईएफएस सुदर्शन शर्मा और रक्षा संस्था फॉउंडर रोहित गंगवाल ने एंट्रीज में से 100 फोटोग्राफस को चुना।

### जागरूकता के लिए जतन

जेटीएफ संस्थापक धीरेंद्र के गोधा ने बताया कि फोटोग्राफी केवल आमजन में टाइगर के लिए जागरूकता लाने का प्रयास है। राजस्थान में टाइगर की संख्या 100 के पार हो गई है, जो खुशी की बात है। संस्था अध्यक्ष संजय खवाड ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए 4 सदस्य जूरी में एस नल्लामुथु, जौन ईसाक, क्रिस ब्रंसकिल और सितारा कार्तिकेयन है।

## टाइगर्स को समर्पित राजस्थानी टाइगर एंथम होगा लॉन्च

**बेधड़क | जयपुर**

अब बाघों का भी एंथम होगा और वह भी राजस्थानी में। जी हां यह टाइगर्स को समर्पित एंथम होगा, जो 4 अगस्त को जयपुर में लॉन्च किया जाएगा। साथ ही टाइगर्स पर मंथन करने के लिए देश-दुनिया के विशेषज्ञ जयपुर में जुटेंगे। इससे बाघों को और अधिक सुरक्षित करने के साथ ही टूरिज्म को बढ़ाने में मदद मिलेगी। हालांकि, इससे पहले अन्य भाषा में एंथम आ चुका है। गौरतलब है नेशनल टाइगर प्रोजेक्ट के 50 वर्ष पूरे होने और सरिस्का में बाघ विस्थापित करने के 15 वर्ष होने पर बाघों के संरक्षण-संख्या में वृद्धि के उपाय खोजने के उद्देश्य से वर्ल्ड वाइल्डर्नेस कांग्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (डब्ल्यूडब्ल्यूटीआई) और सरिस्का टाइगर फाउंडेशन (एसटीएफ) की ओर से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) के मिनी ऑडिटोरियम-2 में 'बाघोदय' कार्यक्रम होगा।





## पदमपुरा में शांति विधान



**बेधड़क. जयपुर।** अतिशय क्षेत्र बाड़ा पदमपुरा में शनिवार को आचार्य चैत्य सागर महाराज के सानिध्य में मंगल अष्ट द्रव्य व श्रीफल के साथ संगीतमय शांति विधान का आयोजन हुआ। विधान पंडित अनिल शास्त्री और नीतू दीदी ने संगीतकार नवीन भैया के साथ विधि विधान से कराया। विधान मंडल पर विश्व शांति के लिए बीजाक्षर युक्त शांति धारा जनकपुरी के महावीर प्रसाद कांता देवी पाटनी परिवार पवालिया वालों ने की। राजेंद्र-आरती व रितेश-अंशु लावण्या व समक्ष द्वारा विधान पर मंगल आरती की गई। आचार्य चैत्य सागर ने कहा कि पूजन विधान के भाव एक व्यक्ति या परिवार के होते हैं और पुण्य लाभ कई परिवार प्राप्त करते हैं।

## बिस्मल की महफिल 5 को



**बेधड़क. जयपुर।** बिस्मिल की महफिल में सूफी शाम का जादू हर उम्र के लोगों पर चलेगा। बिस्मिल 5 अगस्त को जयपुर में परफॉर्म करेंगे। रणवीर चौधरी और गिरिराज शर्मा ने बताया कि टोंक रोड स्थित मरकरी में बिस्मिल की रुहानी आवाज का जादू चलेगा और युवाओं के साथ महिला-पुरुष भी सूफी शाम में शामिल होंगे। गौरतलब है कि पिछले दिनों ही बिस्मिल ने सात संमदर पार यूएसए के अलग-अलग शहरों में सूफी शामें सजाई थीं।

## 28 फाइनलिस्ट ने की कैटवॉक




**बेधड़क. जयपुर।** प्रदेश भर की गर्ल्स के बीच ताज को लेकर मुकाबला शुरू हुआ तो हर किसी ने हेल्दी फाइट की। मौका था मिस राजस्थान का, जिसके पहले दिन के आयोजन में अराइवल लुक व वेलकम सेरेमनी हुई। फ्यूजन ग्रुप के पेजेंट के फिनाले वीक के आयोजनों में ग्रूमर और ट्रेनर गर्ल्स को ट्रेंड करेंगे। अनंता रिजॉर्ट में पहले दिन के बाद टैलेंट राउंड का आयोजन किया जाएगा। आयोजक योगेश व निमिषा मिश्रा ने बताया कि पहले दिन 28 फाइनलिस्ट ने कैटवॉक सेशन से शुरुआत की। सेशन में मिस राजस्थान तरूशी रॉय, मानसी राठौड़, प्रियन सेन, रिया जाखड़, संजना, गोरानवी, गरिमा, सुनीता, सुहानी जैसी सीनियर मेंटोस उपस्थित रहीं।

## City इवेंट्स

### एक मंच पर आया पंजाबी समाज



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान भर से पंजाबी समाज के स्नेह मिलन कार्यक्रम में 900 से अधिक गोत्र वाले खत्री, पंजाबी अरोड़ा समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान कांग्रेस की सह प्रभारी अमृता धवन व समाज के मुख्य संरक्षक राजीव अरोड़ा रहे। अमृता धवन ने कहा कि पंजाबी हमेशा से कंट्रीब्यूटर रहे हैं और व्यापार हो या सामाजिक सरोकार के कार्य पंजाबी हमेशा अग्रणी रहे हैं।

### सैनी विभूति सम्मान समारोह आज

**बेधड़क. जयपुर।** झालाना रीको स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में रविवार सुबह 10 बजे सैनी समाज विभूति सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम, सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था जयपुर जिला शाखा की अध्यक्ष डॉ. पूनम सैनी और महासचिव प्रकाश सैनी ने बताया कि समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। समारोह राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष एवं हाईकोर्ट के पूर्व जस्टिस देवेंद्र कच्छावा, आईएएस महेंद्र खड़गावत, एमजेआरपी के वीसी निर्मल पंवार और डॉ. सवाई सिंह के आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम में समाज से डॉ. देवेंद्र सैनी, डॉ. सुनीता सैनी, आरएनए प्रदेश अध्यक्ष रमेश सैनी, प्रदेश प्रवक्ता महेश सैनी, संरक्षक संजय सैनी, महासचिव प्रकाश सैनी सहित अधिकारी कर्मचारी और गणमान्य लोग शामिल होंगे।

### कबीर के भजनों से किया मंत्रमुग्ध



**बेधड़क. जयपुर।** सावनी फुहारों के बीच जयपुराइट्स भजनों से भक्ति में लीन नजर आए। नजारा था नेट-थिएट कार्यक्रमों की कड़ी में कबीर भजन 'जो भजे हरि को' कार्यक्रम में भजन गायक बिजेंद्र सिंह राठौड़ उर्फ नगीना की परफॉर्मेंस का। राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि कलाकार ने शुरुआत 'जो भजे हरि को सदा वो ही परम पद पाएगा...' सुनाकर की। इसके बाद कबीर भजन 'कबीर तेरी झोपड़ी गल कतियन के पार, करेगा सो भरेगा, तू क्यों हुआ उदास और जोबन धन पावणा दिन चारा में, सोच ले रे प्राणी, फिर यह जन्म ना मिले, माया संग ना चले रे...' जैसे भजनों को प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध किया। उनके साथ तबले पर दीपक राव और हारमोनियम पर मुकेश चौहान ने संगत कर भजनों की शाम को कबीरमय बना दिया। संयोजक नवल डांगी तथा प्रकाश व कैमरा मनोज स्वामी और संगीत सागर गढ़वाल ने किया। मंच सज्जा अंकित शर्मा नोनू व जीवितेश शर्मा की रही।

## पैलेट ऑफ इमोशंस चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

# 7 राज्यों से 7 कलाकारों ने कैनवास पर दर्शाया इंडिया



फोटो: पंकज शर्मा

**बेधड़क | जयपुर**

होटल आईटीसी राजपुताना की वेलकम आर्ट कला दीर्घा में आईसीए गैलरी और होटल आईटीसी की ओर से द पैलेट ऑफ इमोशंस प्रदर्शनी में कला के विविध रंग दिखे। क्यूरेटर हेम राणा ने बताया कि प्रदर्शनी में 7 राज्यों से 7 कलाकारों के 37 कैनवास प्रदर्शित किए जाएंगे।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि टेब इंडिया से अमित गुप्ता थे तो ड्राइव-वे देवी एनजीओ से कार्तिक बाजोरिया, होटल आईटीसी जनरल मैनेजर दीपेंद्र राणा, आईसीए गैलरी से अभिनव बंसल ने भी शुरुआत की। यहां रांची के गुरु किंकर की पेंटिंग्स भारतीय पौराणिक कथाओं से प्रेरित हैं। कोलकाता के हरेन ने पलपुरा व बिशनपुरी की जनजातीय कला से बचपन का संगम चित्रों में दर्शाया है। प्रदीप मित्र के चित्रों में पुरानी इमारतें और भाप का इंजन देखने को मिलते हैं, वहीं पुलकेश मंडल के चित्रों में प्रकृति व चरित्रों का सार दिखाई देता है। लखनऊ की तरन्नुम ने मैं की खोज को कैनवास पर उजागर किया। पहले दिन प्रदर्शनी में दुष्यंत सिंह नायला, ठाकुर हेमेंद्र सिंह वेदसा, डॉ. मनीषा खींची, अनुजा बाजोरिया, रवि ठाकुर सहित अन्य कला प्रेमी मौजूद रहे। प्रदर्शनी 6 अगस्त तक सुबह 11 से शाम 7 बजे तक जारी रहेगी।

## 6 अगस्त से शुरू होने वाली लीग की जर्सी लॉन्च

# कॉर्पोरेट सेक्टर से बारह टीमें जयपुर में लगाएंगी चौके-छक्के



**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर में एक बार फिर फटाफट क्रिकेट का रोमांच होगा, लेकिन इस बार कॉर्पोरेट सेक्टर के लोग चौके-छक्के लगाते नजर आएंगे। इसके लिए जेसीसीए जयपुर कॉर्पोरेट प्रीमियर लीग सीजन-3 लेकर आया है।

शनिवार को जयपुर कॉर्पोरेट क्रिकेट एसोसिएशन के मेंबर्स ने जर्सी लॉन्च की और इसी के साथ लीग की औपचारिक शुरुआत हो गई। अब 6 अगस्त से जयपुर के अलग-अलग ग्राउंड्स पर चौके-छक्के लगाए जाएंगे। जहां जयपुर की 12 कॉर्पोरेट टीमें भाग लेंगी।

टी-20 प्रारूप में मैच होंगे और प्रत्येक मैच रविवार को जयपुर में खेले जाएंगे। जहां प्रत्येक टीम को 22 लीग मैच खेलने होंगे। इसमें टियर-1 प्लैटिनम कप (तालिका की शीर्ष 4 टीमों के बीच खेला जाता है) टियर- II गोल्ड कप (तालिका की मध्य 4 टीमों के बीच खेला जाता है) और टियर- III सिल्वर कप (तालिका की निचली 4 टीमों के बीच खेला जाता है) होंगे। लीग में सैकड़ों प्लेयर्स दमखम लगाते हुए ट्रॉफियां अपने नाम करेंगे। वहीं, इनको मोटिवेट करने के लिए इंटरनेशनल क्रिकेटर व इंडियन टीम के पूर्व खिलाड़ी पंकज सिंह मौजूद रहेंगे। वह लीग के मेंटोर के रूप में हैं और प्लेयर्स का उत्साह बढ़ा रहे हैं।

**ऑडिशन** इटर्नल वॉयस ऑफ डॉक्टर्स का प्री-फिनाले आयोजित

# धरती के भगवान की आवाज के जादू में खोए जयपुराइट्स

**बेधड़क | जयपुर**

धरती के भगवान ने जब आवाज का जादू चलाया तो उनका नया टैलेंट दुनिया को दिखाई दिया। अपना फर्ज निभाने के साथ-साथ उन्होंने अपने शौक और पेशन को भी जिंदा रखा और जब उनको मंच मिला तो किसी भी प्रोफेशनल्स की तरह गाकर दिखाया। ये अनूठा नजारा था ऑनलाइन ऑडिशन के कई राउंड्स को पार करते हुए देश-दुनिया से चुने डॉक्टर्स के इटर्नल वॉयस ऑफ डॉक्टर्स प्री-फिनाले में टेलेंट दिखाने का। अब प्री-फिनाले में चुने गए डॉक्टर्स रविवार को जेईसीसी में कुमार शानू और अल्का याग्निक के सामने परफॉर्म करेंगे। इससे पहले जयपुर डॉक्टर्स वेलफेयर सोसायटी और इटर्नल हॉस्पिटल की ओर से हुए हेल्थ सिंपोजियम में डॉक्टर्स ने भाग लिया।




### 375 डॉक्टर्स ने दिया ऑडिशन

इटर्नल वॉयस ऑफ डॉक्टर्स के ऑर्गनाइजिंग चेयरपर्सन डॉ. जितेंद्र सिंह मक्कड़ ने बताया कि 375 डॉक्टर्स ने ऑफलाइन ऑडिशन में पार्टिसिपेट किया। इन्हें सिंगर डॉ. गौरव जैन, सिंगर रविन्द्र उपाध्याय और म्यूजिक डायरेक्टर पुनीत दीक्षित ने जज किया। ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. सौरभ जैन और इटर्नल हॉस्पिटल की को-चेयरपर्सन मंजू शर्मा ने बताया कि तीनों कैटेगरी में कुल 15 डॉक्टर्स चुने गए हैं जो ग्रैंड फिनाले में परफॉर्म करेंगे। ग्रैंड फिनाले में दो राउंड होंगे, जिसमें एक राउंड में पार्टिसिपेंट अपनी पसंद का और दूसरे राउंड में जूरी की पसंद के गाने गाएंगे। ग्रैंड फिनाले में इंडियन आइडल टैलेंट हंट टीम शामिल रहेगी, जो डॉक्टर्स की परफॉर्मेंस पर नजर रखेगी।

## श्रीलंका की यात्रा करेगा भारत में निर्मित पोत




*कोलंबो। भारतीय नौसेना का पोत 'खंजर' शनिवार से श्रीलंका के पूर्वी बंदरगाह त्रिंकोमाली की तीन दिवसीय यात्रा करेगा। 'खंजर' खुकरी श्रेणी का स्वदेश निर्मित मिसाइल कार्वेट है। इस यात्रा का उद्देश्य लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने और लोगों को भारतीय नौसेना से परिचित कराना है। कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह यात्रा क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा की साझा चुनौतियों से कुशलतापूर्वक निपटने के वास्ते श्रीलंका नौसेना की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए भारत और श्रीलंका के बीच सहयोग की संभावना को देखते हुए महत्वपूर्ण है। जहाज के कमांडिंग ऑफिसर एनवीएस फणी कुमार 'ईस्टर्न नेवल एरिया' के कमांडर से मुलाकात करेंगे, जबकि वीबीएसएस, गनरी और मिसाइल संचालन पर विभिन्न पेशेवर संवाद होगा। बयान में कहा गया, 'लोगों के बीच आपसी जुड़ाव बढ़ाने और लोगों को भारतीय नौसेना और इसकी क्षमताओं से परिचित कराने के लिए जहाज स्कूली बच्चों के दौरे के लिए खुला रहेगा।' आम लोग 30 जुलाई को त्रिंकोमाली बंदरगाह पर जहाज पर आ सकते हैं। बयान के अनुसार, जहाज पर त्रिंकोमाली में एक योग सत्र, समुद्र तट की सफाई और विशेष स्कूल सत्र भी आयोजित किया जाएगा। 31 जुलाई को त्रिंकोमाली के पास श्रीलंकाई नौसेना के जहाज के साथ एक समुद्री अभ्यास करने की भी योजना है। पिछले हफ्ते, रानिल विक्रमसिंघे की भारत यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंकाई राष्ट्रपति 'संपर्क को बढ़ावा देने, समृद्धि को बढ़ावा देने: भारत-श्रीलंका आर्थिक साझेदारी दृष्टि' पर सहमत हुए थे। -पीटीआई*

### ऑस्ट्रेलियाई सेना का हेलिकॉप्टर जलक्षेत्र में उतारा

## चालक दल के चार लोग लापता

**एजेंसी** | ब्रिस्बेन

ऑस्ट्रेलियाई सेना का एक हेलिकॉप्टर क्वींसलैंड तट से दूर हैमिल्टन द्वीप पर जलक्षेत्र में उतारा गया, जिसके बाद से उसमें सवार चालक दल के चार सदस्य लापता हैं। रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने बताया कि 'एमआरएच-90 ताइपन हेलिकॉप्टर' को शुक्रवार रात करीब साढ़े दस बजे हैमिल्टन द्वीप के पास आपात स्थिति में जलक्षेत्र में उतारा गया। अधिकारियों के मुताबिक चालक दल के लापता सदस्यों की तलाश की जा रही है और उनके परिजनों को घटना के बारे में सूचना दे दी गई है। बचाव अभियान में शामिल एक हेलिकॉप्टर ने शनिवार सुबह विटसंडे द्वीप समूह में डेंट द्वीप के पास मलबा दिखाई देने की सूचना दी है। हेलिकॉप्टर ताइपन केसंयुक्त सैन्य अभ्यास में हिस्सा ले रहा था।




### UN रिपोर्ट: अल कायदा-टीटीपी मिला सकते हैं हाथ

## चेतावनी- यह 'महाघातक'

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सौंपी गई एक निगरानी रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) अल कायदा के साथ विलय कर सकता है ताकि दक्षिण एशिया में सक्रिय सभी आतंकी समूहों को पनाह देने वाला एक व्यापक संगठन खड़ा किया जा सके।

रिपोर्ट में कहा गया, 'कुछ सदस्य देशों ने चिंता व्यक्त की है कि टीटीपी कई विदेशी समूहों को एक साथ काम करने या तालिबान के नियंत्रण से बचने के लिए एकजुट कर सकता है।' इस रिपोर्ट को दुनियाभर में आतंकवादी गतिविधियों पर नजर रखने वाली संयुक्त राष्ट्र समिति ने तैयार किया है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है, 'एक सदस्य देश ने अल कायदा और टीटीपी के विलय की संभावना पर जोर दिया है। आकलन कहता है कि अल कायदा पाकिस्तान के भीतर बढ़ते हमलों के लिए टीटीपी को रास्ता दिखा रहा है।'



### क्षेत्रीय खतरा बन सकता है टीटीपी

रिपोर्ट बताती है कि टीटीपी ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे पाकिस्तान के जनजातीय क्षेत्रों पर नियंत्रण हासिल करने के अपने प्रयास काफी तेज कर दिए हैं। उसे काबुल के पतन से प्रोत्साहन मिला है और सीमा पार से समर्थन भी मिल रहा है। इसमें पाकिस्तान में हाल के आतंकी हमलों पर भी प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'सदस्य देशों को चिंता है कि अगर टीटीपी का अफगानिस्तान में सुरक्षित संचालन आधार बना रहा तो यह एक क्षेत्रीय खतरा बन सकता है।'

### TTP, अल कायदा व तालिबान के बीच गहरे रिश्ते

यह भी एक हकीकत है कि तालिबान, टीटीपी और अल कायदा के बीच प्रतीकात्मक और वैचारिक रूप से घनिष्ठ संबंध हैं। तालिबान का दावा है कि आतंकी गतिविधियों के लिए अफगान धरती का इस्तेमाल नहीं करने दिया जाएगा, लेकिन रिपोर्ट्स बताती हैं कि तालिबान और अल कायदा अफगानिस्तान में गुप्त रूप से काम करते हैं। रिपोर्ट में इस बात पर भी प्रकाश डाला गया है कि अल कायदा की बड़े पैमाने पर आतंकी हमले करने की क्षमता सीमित है, लेकिन उसका इरादा दृढ़ है।

### सिंगापुर: भारतीय को सुनाई सजा

**सिंगापुर।** नशे में गाड़ी चलाने और सड़क पर कार छोड़ने को लेकर एक भारतीय सिंगापुरी नागरिक को 3 हफ्ते की कैद व 6,800 सिंगापुरी डॉलर के जुर्माने की सजा सुनाई गई है। मणिकम वरथराज नामक व्यक्ति को 'नशे में गाड़ी चलाने' और अपनी कार को ऐसी स्थिति में छोड़ने के मामले में दोषी ठहराया गया।

### नाइजर में सैन्य तख्तापलट से राजनीतिक संकट

**कैनबरा।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शनिवार को कहा कि नाइजर में सैन्य तख्तापलट के कारण राजनीतिक संकट व अस्थिरता है। इससे अमेरिका द्वारा अफ्रीकी राष्ट्र को प्रदान की जाने वाली आर्थिक सहायता को लेकर खतरा है। सेना ने हाल में राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम को हिरासत में ले लिया था, जिससे देश में राजनीतिक अराजकता पैदा हो गई थी। जनरल अब्दुर्रहमान त्चियानी को उन विद्रोही सैनिकों का नेता घोषित किया गया था।

## बाइडेन ने हंटर-लुंडेन की बेटी को अपनी पोती स्वीकार किया

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने बेटे हंटर और अरकंसास की महिला लुंडेन रॉबर्ट्स की चार साल की बेटी को शुक्रवार को पहली बार सार्वजनिक तौर पर अपनी पोती स्वीकार किया।

बाइडेन ने एक बयान में कहा कि हंटर और लुंडेन अपनी बेटी नेवी के हित के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। बच्ची की गोपनीयता को जितना संभव हो सके, उतना सुरक्षित रखा जा रहा है। बाइडेन ने इस बच्ची को सार्वजनिक तौर पर अपनी पोती के रूप में पहली बार स्वीकार किया है।



उसके अलावा भी बाइडेन के छह पोते-पोतियां हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा,'यह कोई राजनीतिक मामला नहीं है। यह पारिवारिक मामला है। जिल और मैं केवल वही चाहते हैं, जो नेवी सहित हमारे सभी पोते-पोतियों के लिए सबसे अच्छा हो।' लुंडेन ने अदालत में मुकदमा किया था और डीएएन जांच में हंटर के बच्ची का पिता होने की बात साबित हुई थी। दोनों पक्षों ने बच्ची के पालन-पोषण संबंधी मसलों को हाल में सुलझा लिया है।

### वर्जिन बर्थ

## ये मक्खी बिना नर के पैदा करेगी संतान

**एजेंसी** | लंदन

ब्रिटेन के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों ने एक खास तरह की मक्खी में सफल जेनेटिक इंजीनियरिंग करने का दावा किया है। इसे वर्जिन बर्थ का नाम दिया गया है। इस इंजीनियरिंग के बाद अब ये मादा मक्खियां बिना नर के संतान पैदा कर सकती हैं। इन मक्खियों की पहचान फ्रूज फ्लाइज ड्रोसोफिला मेलानोगास्टर के तौर पर की गई है। यह अपने आप में ऐसा पहला उदाहरण भी है।

इस प्रयोग का इस्तेमाल भविष्य में इंसानों पर किया जा सकता है। और तो और, ऐसी मक्खियों की संतान भी बिना नर के प्रजनन में सक्षम हैं। कुछ अंडे देने वाले जानवर, जैसे छिपकली और पक्षी बिना नर के बच्चे को जन्म देने की क्षमता रखते हैं। बहरहाल, कैम्ब्रिज विवि ने कहा कि "पहली बार, वैज्ञानिकों ने एक ऐसे जीव में वर्जिन बर्थ को पाने में कामयाबी हासिल की है, जो आमतौर पर यौन प्रजनन करता है।



### लैंगिक रूप से प्रजनन वाली मक्खी

इस खोज में एलेक्सिस स्पर्लिंग और अमेरिकी शोधकर्ताओं की टीम ने फल मक्खी ड्रोसोफिला मेलानोगास्टर के साथ प्रयोग किया। फल मक्खी एक लैंगिक रूप से प्रजनन करने वाली प्रजाति है और लंबे समय से आनुवंशिक रिसर्च में प्रमुखता से इस्तेमाल होती रही है। इस प्रयोग से इस टीम को एक सदी से भी अधिक समय से कठिन माने जाने वाली पहेली को सुलझा लिया है। पिछले महीने ही कोस्टारिकन चिड़ियाघर से एक मादा मगरमच्छ ने अंडा दिया था, जो कभी नर के संपर्क में नहीं आई थी।

### ऐसे आया यह अनूठा विचार

यौन प्रजनन में नर के शुक्राणु द्वारा महिला के अंडे का निषेचन शामिल होता है। पार्थेनोजेनेसिस (वर्जिन बर्थ) के मामलों में, मादा पूरी तरह से अपने दम पर अंडे को भ्रूण में विकसित करने में सक्षम होती है। नए अध्ययन की मुख्य लेखक और यूके के कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के एक शोधकर्ता एलेक्सिस स्पर्लिंग ने बताया कि वर्जिन बर्थ के प्रति उनको विचार तब आया, जब उन्होंने अपने पालतू जानवर को लेकर ऐसा अनुभव किया।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl